दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 27 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 327 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

उत्तरप्रदेश में पर्चा लीक मामला सुर्खियों में हैं। वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा रद्द कर मामले की जांच के आदेश किए हैं। एक गिरफ्तारी भी हुई है। सवाल यह उठता है कि बुलडोजर बाबा के राज में यह कांड हो कैसे गया? क्या नकल माफिया के दिल में कानून का खौफ नहीं है? बंगाल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए भर्ती घोटाले तो फिर भी समझ में आते हैं क्योंकि वहां गैर भाजपा सरकारें थी लेकिन उत्तरप्रदेश में यह घोटाला वाकई हैरत की बात है। लगता है हुजूर का इकबाल बुलंद नहीं रहा।

भारतीय रेलवे का कायाकल्प अभियान की स्पीड, स्केल अभूतपूर्व : मोदी

■ **27 राज्यों के 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास**

नयी दिल्ली/रायपुर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में भारतीय रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। पीएम मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा, आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार) से करता है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के

भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है।

पीएम मोदी ने कहा, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी के सातवें समन पर भी पेश नहीं हुये केजरीवाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए और आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि एजेंसी को बार-बार समन जारी करने के बजाय अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए। आप ने कहा कि मामला अदालत में चल रहा है, इसलिए एजेंसी को मुख्यमंत्री को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक इस मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी।

सदन में गरमाया कवर्धा में मौतों का मामला

15वें दिन नाराज़ नेता प्रतिपक्ष ने तल्ख़ लहजे में कहा- विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में इनको बताएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गृहमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- कवर्धा जिला जो हमारे विधानसभा के अध्यक्ष जी का जिला है, कार्य क्षेत्र है, कवर्धा जिला जहां से गृहमंत्री जी आते हैं। कवर्धा में मां-बेटी की संदिग्ध मौत का मामला शून्यकाल में उठाया। कवर्धा जिले में ऐसा क्या हो गया कि हर दूसरे दिन हत्या हो रही है कभी लोग जलाए जा रहे हैं, कभी घर में सड़ती गलती लाश मिल रही है।

कल कवर्धा एसपी ऑफिस के घर के सामने मकान से बदबू आ रही थी। उसमें मां और बेटे की लाश मिली। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में आपको बताएंगे

विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में इनको बताएंगे। कल या परसों में विधानसभा का यह सत्र संपन्न हो जायेगा। इतने दिनों में मुख्यमंत्री जी कितने दिनों आए विधानसभा में, क्या अभी रिमोट कंट्रोल की सरकार चल रही है, क्या उनको रिमोट कंट्रोल करके मना किया जाता है कि यहां मत आओ। मंत्रिमंडल के सदस्य गायब हैं। गृहमंत्री के क्षेत्र में लगातार हत्या हो रही है। यह सरकार रिमोट कंट्रोल की सरकार है, मनमाने ढंग से चल रही है। आज तक ऐसा कोई काम नहीं होगा, सिवाय बुराई करने के बघेल सरकार की जांच करने में इनको मजा आ रहा है, मजा लेने दीजिए।

मंत्री ने प्रश्न एवं संदर्भ समिति से जांच का किया ऐलान

गौठान में हुए पैरादान परिवहन भुगतान की गड़बड़ी की प्रश्न एवं संदर्भ समिति से जांच करायी जायेगी। पंचायत मंत्री की अनुपस्थिति में जवाब देते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में जांच की घोषणा की।

अजय चंद्राकर ने अपने सवाल में सरकार से जानना चाहा कि पैरादान के लिए जो परिवहन किया गया, आखिरकार उसका भुगतान किस तरह से किया गया। पैरा परिवहन किस दर से किया गया। किस वाहन से किया गया और परिवहन का दर किस आधार पर निर्धारित किया गया। साथ ही अजय चंद्राकर ने पैदादान के भुगतान के मद की भी जानकारी जानकारी मांगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नहीं रहे गजल गायक पंकज उधास

मुंबई/नवप्रदेश। गजल गायक पंकज उधास लंबी बीमारी के बाद 72 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उन्हें 2006 में पद्मश्री मिला था। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल गायक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में सोमवार 26 फरवरी की सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। पंकज उधास को बड़ी पहचान फेमस गजल 'चिट्ठी आई है' से मिली थी।

पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। वो अपने तीनों भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका परिवार राजकोट के पास चरखाड़ी नाम के एक कस्बे का रहने वाला था। उनके दादा जमींदार थे और भावनगर राज्य के दीवान भी थे। पंकज के दोनों भाई मनहर और निर्जल उधास म्यूजिक इंडस्ट्री में जाना-पहचाना नाम हैं।

सीएम साय ने किया शोक व्यक्त

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए, ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों व शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। सीएम ने कहा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्व. पंकज उधास छत्तीसगढ़ आया करते थे। सितंबर 2020 में संस्कृति विभाग द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की थी।

ट्रैक्टर ट्राली और बस में भिड़ंत, 6 की गई जान

जौनपुर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सिकरारा क्षेत्रमें रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमे सवार छह श्रमिकों की मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास मकान ढालने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सात मजदूर रविवार देर रात करीब सवा 11 बजे काम से वापस आ रहे थे कि प्रयागराज-जौनपुर हाइवे पर प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस से जोरदार टक्कर हो जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीशाहपुर निवासी नीरज सरोज (28), राजेश सरोज (45), संग्राम सरोज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नफे सिंह राठी मर्डर की जांच सीबीआई करेगी

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के मामले की जांच सीबीआई करेगी। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार को इस बात की जानकारी विधानसभा में दी। कांग्रेस की ओर से सदन में इस मसले पर हंगामा किए जाने के दौरान अनिल विज ने इस फैसले के बारे में बताया। यही नहीं विधानसभा में स्पीकर ने कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस ने कहा कि नफे सिंह राठी की सरेआम हत्या ने भय पैदा कर दिया है। इससे हरियाणा के लोग हैरान हैं।

6 आईएएस का तबादला, तीन जिलों के कलेक्टर बदले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से आईएएस-आईपीएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को सरकार ने तीन जिलों के कलेक्टर बदल दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से आईएएस-आईपीएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को सरकार ने कई जिलों के कलेक्टर बदल दिए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह द्वारा जारी आदेश के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये है अधिकारियों की नई पदस्थापना

सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय से जारी आदेश अनुसार आईएएस-आईपीएस में कुमार लाल चौहान (भाप्रसे) कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को बलौदाबाजार-भाटापार भेजा गया है। इसी तरह धर्मेंद्र कुमार साहू (भाप्रसे) प्रबंध संचालक, वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर को कलेक्टर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ भेजा गया है। चंदन कुमार साहू (भाप्रसे) कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापार को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस का अग्निवीर योजना को लेकर सरकार पर चौतरफा हमला

योजना को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने अग्निवीर योजना को लेकर सरकार पर सोमवार को चौतरफा हमला किया और कहा कि यह योजना युवाओं के साथ अन्याय है, इसलिए इसे वापस लेकर सेना में भर्ती की परीक्षाएं पास कर चुके दो लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा तथा सचिन पायलट ने सरकार की अग्निवीर योजना के विरुद्ध आज से शुरू हुए पार्टी के अभियान का हिस्सा बनते हुए कहा कि पार्टी योजना से पीड़ित युवकों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और जो लोग इस अभियान में पार्टी के साथ हैं, वे दिए नंबर पर मिस्ड कॉल कर पीड़ित युवकों के प्रति अपना समर्थन दें।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अग्निवीर योजना को देश की सीमाओं और युवाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा है कि इसने लाखों युवाओं के सपनों पर पानी फेर दिया है इसलिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सांसद संजय सिंह की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच मार्च को करेगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने फरवरी के शुरू में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उन्हें जमानत देने से इनकार कर करते हुए कहा था कि याचिका स्वीकार करने का कोई ठोस आधार नहीं है। हालांकि, पीठ ने इस मामले में तेजी से सुनवाई करने के लिए निचली अदालत को निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति शर्मा ने अपने आदेश में कहा था, जमानत देने का कोई ठोस आधार नहीं है। हम निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश देते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

फैसला... जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी है

ज्ञानवापी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा, हाई कोर्ट का फैसला

प्रयागराज (वार्ता)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार देने के वाराणसी जिला न्यायाधीश के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद की अपील खारिज कर दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सोमवार को दिया है। जिला जज ने वाराणसी के जिलाधिकारी को संपत्ति का रिसीवर (देखभाल करने वाला) नियुक्त किया था और 31 जनवरी के आदेश द्वारा उन्होंने ज्ञानवापी के

व्यासजी तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी।

न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इन आदेशों के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की दोनों अपीलों को खारिज करते हुए कहा कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज़ को देखने और संबंधित पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय को जिला जज वाराणसी के 17 जनवरी के डीएम वाराणसी को संपत्ति के रिसीवर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक वंशानुगत पुजारी को तहखाने में दाखिल होने की अनुमति

वाराणसी जिला अदालत ने पूजा का आदेश शैलेन्द्र कुमार पाठक की याचिका पर दिया था। पाठक ने अपनी याचिका में कहा था कि उनके नाना सोमनाथ व्यास ने दिसंबर 1993 तक पूजा की थी। पाठक ने अनुरोध किया था कि एक वंशानुगत पुजारी के रूप में उन्हें तहखाने में दाखिल करने और पूजा फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाए। लेकिन मुसलमान पक्ष इस दावे को सिरे से नकारता है। उसका कहना है कि इस जगह पर न तो व्यास परिवार ने और न ही किसी हिंदू ने कभी भी पूजा नहीं की है।

देश की सुरक्षा के लिए दूसरों के भरोसे नहीं रह सकते : सेना प्रमुख

नई दिल्ली/वार्ता। जब बात देश की सुरक्षा को लेकर हो तो दूसरों के भरोसे नहीं रहा जा सकता है। इसके लिए खुद पर निर्भर होना बहुत जरूरी है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का भी यही मानना है। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि देश की सुरक्षा को न तो 'आउटसोर्स' किया जा सकता है और न ही इसके लिए दूसरों पर निर्भर रहा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी सैन्य उपकरणों के मामले में हमारा आत्मनिर्भर बनना बहुत ही जरूरी है।''

सेना प्रमुख ने एक रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जरूरी है कि आयात पर निर्भरता कम से कम की जाए, जो 'भविष्य के लिए तैयार' होने की योजना में बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, ''देश की सुरक्षा के संरक्षक होने के नाते हम अपनी क्षमता विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात पर पूर्ण रूप से निर्भर नहीं हो सकते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा चुनाव 2024

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश झारखंड

पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला : 'शाही परिवार' ने रायबरेली में सिर्फ राजनीति की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के पांच नए एम्स का लोकार्पण किया। यूपी के रायबरेली एम्स का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने नेहरू-गांधी परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने रायबरेली में सिर्फ राजनीति की, जबकि मोदी ने विकास कार्य किया है।

गुजरात में आयोजित एक समारोह में वर्चुअल माध्यम से पीएम मोदी ने रायबरेली एम्स का उद्घटान किया. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

मोदी ने कहा, मैंने यूपी के रायबरेली में एम्स की गारंटी दी थी. कांग्रेस के राजघराने ने रायबरेली में सिर्फ राजनीति की, जबकि काम मोदी ने किया। उन्होंने कहा, ''मैंने आठ साल पहले रायबरेली एम्स की आधारशिला रखी थी और आज इसका उद्घाटन किया है।''

रायबरेली एम्स के अलावा पीएम मोदी ने राजकोट (गुजरात), बठिंडा (पंजाब), कल्याणी (पश्चिम बंगाल) और मंगलागिरि (आंध्र प्रदेश) के एम्स का भी लोकार्पण किया. वहीं

केंद्रीय मंत्री और अमेठी से बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा, 'नामदार' और 'कामदार' के बीच क्या अंतर है? रायबरेली एम्स इसका एक आदर्श उदाहरण है.

स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर किया हमला

'मोदी सरकार में 700 से ज्यादा मेडिकल बनाए गए'

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत के इतिहास में जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, इस दौरान कुल 380 मेडिकल कॉलेज बनाए गए थे, लेकिन बीते 10 वर्षों में, नरेंद्र मोदी सरकार ने 706 मेडिकल कॉलेज बनाए. नरेंद्र मोदी देश के इतिहास में पहले प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी से बाहर निकाला है और उन्हें विकास के रास्ते पर चलाया है।

कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए ईरानी ने कहा, ''मैं उस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि हूं जहां वर्षों तक एक 'नामदार' ने जनता से वोट तो लिया लेकिन उसने लोगों की सेवा नहीं की।

उन्होंने कहा, ''अमेठी इस बात का गवाह है कि 30 साल पहले 'नामदारों' ने अमेठी में मेडिकल कॉलेज बनाने का वादा करते हुए जमीन ले ली और अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन अमेठी के युवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया।

रायबरेली में खिलेगा कमल: ईरानी

ईरानी ने आगे कहा, ''बीजेपी कार्यकर्ता होने के नाते मैं इस मंच से कह रही हूं कि 2019 में जो अमेठी में हुआ वो इस बार रायबरेली में जरूर होगा. जनता विकास चाहती है. अमेठी में इस बार कमल खिला है, यहां तक कि रायबरेली भी कह रहा है कि एनडीए 400 पार जाएगा।

अमेठी से राहुल गांधी को मिली थी हार

बता दें कि स्मृति ईरानी ने कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली अमेठी सीट से राहुल गांधी को हरा दिया था. हालांकि कांग्रेस अपनी रायबरेली सीट बचा पाने में कामयाब रही थी. इस सीट पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी सांसद चुनी गई थीं, जोकि यूपी से एकमात्र सांसद थीं. अब सोनिया गांधी भी राज्यसभा चली गई हैं, उन्हें राजस्थान से निर्विरोध संसद के उच्च सदन भेजा गया है. वहीं रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने को लेकर उन्होंने जनता को एक भावुक चिट्ठी भी लिखी थी।

न्यूज गैलरी

फड़नवीस ने शरद पवार के रायगढ़ किले के दौरे का श्रेय अजित को दिया

सतारा(वार्ता)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (शरद पवार गुट) प्रमुख शरद पवार के 40 साल बाद ऐतिहासिक रायगढ़ किले के दौरे का श्रेय अपने कैबिनेट सहयोगी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजित पवार गुट) प्रमुख अजित पवार को दिया। श्री फड़णवीस ने यहां भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले से उनके आवास पर मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री शरद पवार के रायगढ़ किले का दौरा करने और 40 साल बाद मराठा योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि इसके लिए श्री अजित पवार श्रेय देना होगा। उन्होंने शनिवार को नए पार्टी चिन्ह तुतारी (तुरही) का अनावरण करने के लिए श्री शरद पवार की रायगढ़ यात्रा के बारे में पूछे जाने पर यह व्यंग्यात्मक टिप्पणी की। श्री शरद पवार की देश में स्थिति 'बहुत कठिन' वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, श्री फड़णवीस ने जवाब दिया कि देश में स्थिति कठिन नहीं है, लेकिन राकांपा (शरद पवार गुट) की स्थिति बहुत कठिन है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के विपक्षी दलों के विरोध पर तर्क दिया कि जब वे (विपक्ष) चुनाव जीते तो उन्होंने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन जब हार का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई।

जौनपुर में ट्रैक्टर ट्राली-रोडवेज बस में भिड़ंत, 6 की मौत

जौनपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सिकरारा क्षेत्रमें रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमे सवार छह श्रमिकों की मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास मकान ढालने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सात मजदूर रविवार देर रात करीब सवा 11 बजे काम से वापस आ रहे थे कि प्रयागराज-जौनपुर हाइवे पर प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस से जोरदार टक्कर हो जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीशाहपुर निवासी नीरज सरोज (28), राजेश सरोज (45), संग्राम सरोज (25), चाई मुसहर (20), वीरपालपुर निवासी अतुल सरोज (30), बथुवावर निवासी गोविंदा बिंद (30) की मौत हो गयी। इस घटना में एक गंभीर का इलाज इलाज चिकित्सालय में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर परमानंद कुशवाहा सहित थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंच गए।

पिकअप बाइक में भिडंत दो की मौत

बाराबंकी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बाराबंकह जिले में सोमवार सुबह लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पिकअप के बाइक को टक्कर मारने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह करीब तीन बजे हाईवे पर प्यारेपुर सरैया गांव के पास अयोध्या की ओर जा रही पिकअप ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मारी और उसके बाद पेड़ में जा टकराई।

नशेशी युवकों की कार जूली के कार्यालय में जा घुसी

अलवर(वार्ता)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अलवर में स्थित कार्यालय में शराब के नशे में आए चार युवकों ने अपनी कार को जूली के कार्यालय के टक्कर मार दी जिससे उसका कार्यालय का गेट क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात 11.00 बजे की है, जो सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई। बताया जा रहा है कि एक स्कॉर्पियो में चार में बैठे हुए थे और जो शराब के नशे में धुत थे। टक्कर के बाद वह भागने लगे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उन चार लोगों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है।

राठी की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़(वार्ता)। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी और उनके एक साथी की गोली मारकर हत्या करना बेहद दुखद एवं निंदनीय है। श्री गर्ग ने सोमवार कहा कि राज्य में लगातार हत्या, लूटपाट, फिरौती और अपहरण होने से प्रदेश की जनता भयभीत है।

बसपा सांसदों में चुनाव से पहले भगदड़, कांग्रेस छोड़ने वालों की होड़

बसपा के तीन और भाजपा में जाने को तैयार, बचेंगे सिर्फ 2 एमपी

नई दिल्ली। मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने अकेले ही लोकसभा चुनाव में उतरने का फैसला लिया है, लेकिन पार्टी के नेता इससे सहमत नजर नहीं आ रहे हैं। इसी के चलते पार्टी में भगदड़ के हालात पैदा हो रहे हैं। पार्टी सांसद रितेश पांडेय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

उन्हें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और यूपी प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में भाजपा में एंट्री मिली। यही नहीं अब चर्चा है कि बसपा के तीन और सांसद भाजपा का रुख करने वाले हैं। इसके अलावा दो सांसद कांग्रेस के संपर्क में हैं और वेस्ट यूपी के एक सांसद रालोद के साथ जा सकते हैं। भाजपा के साथ गठबंधन में रालोद को उनकी सीट मिलती दिख रही है।

ऐसे में सांसद की कोशिश होगी कि रालोद में जाकर टिकट की दावेदारी पेश कर दें। बसपा के अब जो तीन और सांसद भाजपा में एंट्री चाहते हैं, वे काशी क्षेत्र से हैं। इनमें से एक लालगंज की सांसद संगीता आजाद को तो उनके पति के साथ होम मिनिस्टर अमित शाह के घर के बाहर देखा गया था। इसके अलावा एक सांसद ने तो पीएम नरेंद्र मोदी से भी हाल ही में मुलाकात की थी। गाजीपुर के सांसद अफ्जाल अंसारी पहले ही सपा में जा चुके हैं और वहां से उन्हें टिकट भी मिल गया है। इसके अलावा दो अन्य सांसद कांग्रेस में एंट्री कर सकते हैं। इस तरह बसपा के कुल 10 सांसदों में से 2 ही उसके पास बचेंगे और उनका भविष्य भी अनिश्चित ही है। रितेश पांडेय ने बसपा छोड़ने की जो वजह बताई है, उसमें पहला यह कि पार्टी का उनसे संपर्क ही नहीं था। दूसरा मायावती से भी उनका कोई संवाद नहीं था। यही स्थिति लगभग सांसदों की रही है। माना जा रहा है कि रितेश पांडेय ने टिकट की इच्छा से भाजपा जॉइन की है। भाजपा की ओर से उन 16 सीटों पर पहले कैंडिडेट घोषित किए जा सकते हैं,

कांग्रेस को लोकसभा चुनाव से पहले फिर झटके, दो विधायक बीजेपी में हुए शामिल

ईटानगर। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटके लगना जारी हैं। अब अरुणाचल प्रदेश के दो विधायकों ने पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामि लिया है। अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस के साथ-साथ नेशनल पीपुल्स पार्टी के दो विधायक भी सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। साठ सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में अब कांग्रेस और एनपीपी दोनों के दो-दो विधायक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांगऔर एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसरयहां स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में एक समारोह में पार्टी में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हुए।

इन चार विधायकों के शामिल होने से भाजपा के पास अब सदन में 53 विधायक हैं, जबकि तीन निर्दलीय विधायक सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे हैं। इस साल अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि विधायकों के शामिल होने से 'उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों और अरुणाचल प्रदेश में हमारा आधार और मजबूत होगा।'

एनआईटीआई आयोग ने दी खुशखबरी, बताया देश में घटकर अब कितनी रह गई गरीबी

नई दिल्ली। एनआईटीआई आयोग ने राहत की खबर दी है। एनआईटीआई बीवीआर सुब्रमण्यम ने देश में गरीबी घटकर 5 फीसदी पर आने की बात कही है। दरअसल, हाल ही में सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से ताजा सर्वे जारी किया गया है, जिसमें पता चल रहा है कि ग्रामीण खपत मजबूत बनी हुई है और शहरी खपत में अंतर कम होता जा रहा है। गरीबी का स्तर उपभोग खर्च स्तर के आधार पर तय किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, सुब्रमण्यम ने कहा, 'इस सर्वे डेटा के आधार पर देश में गरीबी का स्तर 5 फीसदी के आसपास या इससे कम हो सकता है।' आंकड़े बताते हैं कि साल 2011-12 में भोजन पर खर्च 53 प्रतिशत था, जो 2022-23 में घटकर 46.4 पर आ गया है।

ताजा आंकड़े बताते हैं कि घरेलू उपभोग खपत में तेजी से बदलाव आया है, जहां भोजन और अनाज की हिस्सेदारी कम हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रिज, टीवी मेडिकल केयर और ट्रांसपोर्टेशन या परिवहन के क्षेत्र में खर्च बढ़ा है। जबकि, अनाज और दालों पर होने वाला खर्च कम हुआ है।

कार में घूमते दिखे थे नफे सिंह राठी के हत्यारे

नई दिल्ली। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के हरियाणा चीफ नफे सिंह राठी की मौत से बवाल है। इसी बीच एक सीसीटीवी वीडियो भी चर्चा में है, जिसमें हमलावरों की गतिविधियों का दावा किया जा रहा है। वीडियों में नजर आ रहा है कि हमलावर कार में सवार थे। फिलहाल, इस मामले की जांच जारी है और पुलिस ने एफआईआर में चार लोगों का नाम शामिल किया है। राठी के परिवार की तरफ से दावा किया जा रहा है कि लंबे समय से सुरक्षा की मांग की जा रही थी। वायरल हो रहे वीडियो में एक Hyundaiv® कार नजर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि वीडियो राठी पर हुए हमले से कुछ देर पहले का ही है। सामने दो लोग नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि हमलावरों में रेकी कर इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना दिल्ली के पास बहादुरगढ़ में हुई थी। इसमें इनेलो नेता के साथ-साथ एक पार्टी कार्यकर्ता की मौत भी हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस को इस घटना से जुड़ा अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। कहा जा रहा है कि फिलहाल, आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। इनेलो के ही वरिष्ठ नेता अभय चौटाला के आरोप हैं कि राठी की जान को खतरा होने की आशंका के बाद भी राज्य सरकार ने उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई।

वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में जनता के लिए मुफ्त पेयजल सुविधा का किया उद्घाटन

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। क्षेत्र में गर्मियों की शुरुआत के कारण, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ बस स्टैंड पर पीने के पानी की सुविधा स्थापित की है, जिससे अधिक लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रतिदिन 500 लोग। रणनीतिक रूप से व्यस्त बस स्टैंड पर स्थित, यह पहल सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता को पूरा करती है। नव स्थापित पेयजल सुविधा वेदांत एल्युमीनियम की कई पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य जिले में स्वच्छ पानी और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना का उद्घाटन सुंदरगढ़ की विधायक श्रीमती कुसुम टेटे ने किया

स्थानीय निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, वेदांता एल्युमीनियम की खदान टीम ने पहले जामखानी, गिरीसिमा और मेंद्रा के गांवों में पीने योग्य पानी के बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं को लागू किया है, जिससे स्वस्थ रहने की स्थिति को बढ़ावा मिलता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी गर्मियों के महीनों में ओडिशा में अपना वार्षिक 'जल सेवा शिविर' आयोजित करती है, उस दौरान क्षेत्र में चरम मौसम की स्थिति के कारण यात्रियों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी के कियोस्क स्थापित करती है।

पिछले साल, वेदांता एल्युमीनियम ने एक आयोजन किया था ओडिशा के रायगढ़ा बस स्टैंड पर दो सप्ताह तक चलने वाला 'जल सेवा शिविर', जहां कियोस्क ने पीने के पानी और नींबू पानी की पेशकश की, जिससे 65,000 से अधिक लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुंदरगढ़ प्राइवेट बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रतन सारंगी ने पेयजल उपलब्ध कराने की वेदांता की पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुफ्त में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पहल से यात्रियों को बहुत फायदा होगा। मैं वेदांता को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं।

पाकिस्तान में पहली बार महिला मुख्यमंत्री

लाहौर (ए.)। पाकिस्तान बनने के 75 साल बाद पहली बार कोई महिला मुख्यमंत्री बनी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) की नेता मरियम नवाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने रविवार को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया था। पाकिस्तान में राजनीतिक रूप से पंजाब प्रांत महत्वपूर्ण है। इस प्रांत की आबादी 1.2 करोड़ से अधिक है।

पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम पहली महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब विधानसभा के स्पीकर मलिक अहमद खान ने घोषणा की कि पीएमएल-एन की मरियम नवाज 220 वोटों के साथ पंजाब की मुख्यमंत्री चुनी गई हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार, सुन्नी इत्तेहाद परिषद के राणा आफताब खान को कोई वोट नहीं मिला क्योंकि उनकी पार्टी ने चुनाव का बहिष्कार किया था। इससे पहले पंजाब विधानसभा के 337 निर्वाचित विधायकों ने शुक्रवार को शपथ ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सत्र की शुरुआत में, स्पीकर मलिक खान ने राणा आफ्ताब खान को बोलने की इजाजत नहीं दी थी।

'कॉस्ट कटिंग के चक्कर में सेना भर्ती प्रक्रिया से हो रहा खिलवाड़' : पायलट

नई दिल्ली। अग्निपथ स्कीम को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कॉस्ट कटिंग के नाम पर सेना में भर्ती प्रक्रिया से खिलवाड़ हो रहा है। सचिन पायलट ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। सचिन पायलट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, मूल रूप से उन लोगों के भविष्य के बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है जो चार साल की सेवा के बाद कम उम्र में रिटायर होंगे।

दिल्ली, भोपाल के रसूखदारों पर रडार, हल्द्वानी हिंसा मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को पनाह देने वालों की खंगालेंगे कुंडली

हल्द्वानी। हल्द्वानी हिंसा के आरोपी अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उन रसूखदार लोगों की जांच में जुट गई है। जिन्होंने मलिक को लुकआउट सर्कुलर और वांटेड होने के बाद भी पनाह दी या किसी न किसी तरह उसकी फरार होने में मदद की।

पुलिस ने इनमें से कुछ बड़े कारोबारी, राजनीतिक चेहरों का पता भी लगा लिया है। जिसमें दिल्ली से लेकर भोपाल तक कुछ बड़े नाम शामिल हैं। हल्द्वानी में वनभूलपुरा हिंसा के बाद अब्दुल मलिक दिल्ली, गुजरात, चंडीगढ़ और भोपाल समेत कई शहरों पर छिपता रहा।

पुलिस के मुताबिक जहां-जहां मलिक ठहरा वहां उसका शानदार इंतजाम था। पुलिस ने कुछ जगह चिह्नित की हैं, जिन्होंने उसकी मदद की, लेकिन पुलिस को जानकारी नहीं दी। पुलिस की अब तक की जांच में दिल्ली से भोपाल तक के बड़े कारोबारी, राजनीतिक संबंध और ऊंची पहुंच वाले लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

मलिक के आने जाने व उसके रहने और एक जगह से दूसरी जगह जाने में किस तरह मदद और जब मलिक खुद फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा था तो आखिर किस तरह से वह फरार होने के लिए लोगों से संपर्क कर रहा था इसका लिंक भी तलाशा जा रहा है।

रूस के सामने घुटनों पर पश्चिमी देश, यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए उठा सकते हैं ये कदम

कीव। यूक्रेन में लंबे समय से जारी युद्ध के बीच उसके सहयोगी देश रूस को रोकने के लिए कड़े प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद रूस के हमले लगातार जारी है। इस बीच खबर है कि यूक्रेन सहित उसके सहयोगी देश रूस को शांति समझौते के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि यूक्रेन और उसके विदेशी साझेदार युद्ध खत्म करने पर चर्चा के लिए रूस को भविष्य में होने वाले शांति शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर सकते हैं। जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने कहा कि स्विट्जरलैंड यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के सुझाए शांति दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए एक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन की अगली बैठक के दौरान रूस को आमंत्रित किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

सीएम साय ने वीर सावरकर को पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वीर सावरकर भारत के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, लेखक-कवि, राजनेता और विचारक थे। देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। मातृभूमि की सेवा में समर्पित उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।

उर्मिला मेमोरियल हास्पिटल में निशुल्क शिविर 29 को

रायपुर/नवप्रदेश। उर्मिला मेमोरियल हास्पिटल नहर रोड भाठागांव स्थित चिकित्सालय परिसर में निशुल्क पेट रोग से संबंधित एवं निशुल्क एंडोस्कोपी का आयोजन 29 फरवरी को सुबह 11 से 5 के बीच आयोजित कर रहा है। उक्त शिविर में चिकित्सा करवाने के लिए अग्रिम पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पेट रोग से संबंधित यथा अल्सर, कोलन में वृद्धि पुराना कब्ज या दस्त मल में रक्त आना, काला मल आना एवं पेट साफ न होने की वजह से होने वाले कास्टिपेशन का इलाज कर आने वाले मरीजों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। उक्त जानकारी उर्मिला मेमोरियल हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर ने दी। उन्होंने आसपास के मरीजों को निशुल्क शिविर का लाभ अधिक से अधिक संख्या में आकर उठाने का आग्रह किया है।

युवक से 20 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर युवक से 20 लाख 10 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी पंकज गावरी 34 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात मोबाइल धारक क्रमांक 72900-10262 से प्रार्थी एवं उसके साला आकाश गंगवानी को इंस्टाग्राम के माध्यम से संदेश भेजकर वाट्सअप लिंक भेजा। जिसके क्लिक करने पर शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर अपने बताए खाता में कई बार में कुल 20 लाख 10 हजार रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 62 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। अभनपुर पुलिस ने एनएच-30 में अवैध शराब बेचते आरोपी दुखीत राम चतुर्वेदी 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार ध्रुव 24 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी हीना मरई 35 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश नगर खम्हारडीह में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सूर्या तांडी 24 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी गणेश नगर के तरफघुमने गया था, तभी आरोपी कलाराम ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। पुराना सरकारी स्कूल के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी लखन यादव 25 वर्ष इंद्रात्मानगर पुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पुराना सरकारी स्कूल के तरफगया था, तभी आरोपी आशीष सोनी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर चाकू से कुल्हा के पास मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कुत्तों से परेशान वार्डवासियों ने की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के ब्राह्मणपारा में कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. इसकी लिखित शिकायत किए 50 दिन बीत चुके हैं. लेकिन इसके बाद भी प्रशासन की और से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. बीते 3 जनवरी को निगम आयुक्त और जोन 4 के आयुक्त के पास लिखित शिकायत के बाद भी कोई निगम की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है. ये वार्ड शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के विधानसभा क्षेत्र में आता है. बता दें कि मामले की शिकायत महापौर ऐजाज ढेबर, पार्षद सरिता दुबे, नेता प्रतिप्रक्ष मीनल चौबे से भी की गई है. लेकिन 50 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक नगर निगम कुछ नहीं कर सका है. निगम से हरी सिंह बोहरा नाम का कर्मचारी भी आया. लेकिन उसका कहना था कि निगम केवल नसबंदी के लिए कुत्ते ले जाता है. नसबंदी के बाद कुत्ते को उसी जगह में छोड़ दिया जाता है. अब भले ही वो कुत्ता किसी को काटे या ना काटे.

दुख की घड़ी में सरकार शहीद जवान के परिजन के साथ हैं : डिप्टी सीएम शर्मा

■ **आईईडी ब्लास्ट में जवान श्री राम आशीष यादव शहीद**

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में शहीद जवान श्री राम आशीष यादव को भिलाई पहुँचकर नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं और पार्थिव शरीर को कंधा लगाकर पैतृक ग्राम उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किए। उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ सरकार उनके परिजन के साथ है। श्री राम आशीष यादव ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है।

उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जवानों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यह जो आईईडी विस्फोट होता है इससे क्षेत्र का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होती है। छत्तीसगढ़ राज्य में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, नक्सलियों के विरूद्ध लड़ाई तेज हुई है। माओवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्यवाही और दखल के चलते नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे हैं। हमारी सरकार माओवाद प्रभावित क्षेत्र का विकास चाहती है, इसके लिए हमने नियद नेल्लानार योजना लायी है। इन ग्रामों में सभी परिवारों को विशेष पिछड़ी जनजाति के समान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सुविधा, सभी को राशन कार्ड, सभी को मुफ्त चावल, चना-नमक, गुड़ और शक्कर, उज्ज्वला योजना के तहत 4 मुफ्त गैस सिलेंडर, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, किसानों को सिंचाई हेतु बोरवेल सहित सिंचाई पम्प, हैंड पंप, सोलर पंप, हर ग्राम में खेल मैदान, मुफ्त बिजली, बैंक सखी, एटीएम, कौशल विकास, वन अधिकार पट्टा, मोबाईल टावर, डीटीएच एवं टीवी, हेलीपैड तथा ब्लाक मुख्यालय तक बस सुविधा जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी ग्रामों को बारहमासी सड़क से जोड़े जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शासकीय आवास कार्यालय का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज राजधानी के शंकर नगर के केनाल लिंक रोड स्थित अपने शासकीय आवास कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री श्री राजवाड़े को शंकर नगर में बंगला नं. डी-7 और डी-8 आवंटित हुआ है। इस दौरान उनके परिवारजन और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद थे।

रायपुर समेत सभी संभागों में बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते दिनों शनिवार से प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो गया है। आज रविवार को रायपुर समेत प्रदेश के बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। प्रदेश में शुष्क हवाओं के आगमन से अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में ठंडी हवाएं चल रही है। मौसम बदलने से इन दिनों के तेज धूप से लोगों को राहत मिली है। आने वाले कुछ दिनों तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना है। वहीं कल यानि 26 फरवरी को प्रदेशभर के कई जगहों पर हल्की बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

श्रीराम के जीवन चरित्र एवं वनगमन पथ की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र

रायपुर/नवप्रदेश। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की पहल से राजिम कुंभ की भव्यता 5 वर्ष बाद पुनः लौटी है। राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला का आयोजन इस वर्ष रामोत्सव की थीम पर मनाया जा रहा है। राजिम कुंभ मेला स्थल में प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र और उनके छत्तीसगढ़ वनवास अवधि पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया जा रहा है, जोकि मेला में पहुंचने वाले समस्त श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। लोग धार्मिक सद्भाव और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अनुभव कर इस झांकी आनंद उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एवं धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मार्ग निर्देशन में इस बार कुंभ मेला छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रीराम को समर्पित किया गया है, इसी तारतम्य में मेले की सारी सजावट में श्रीराम की झलक स्पष्ट नजर आ रही है। शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पर आधारित चलित झांकी की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें वनवास के दौरान श्रीराम द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थलों का सचित्र चित्रण किया गया है। जिसमें लोमष ऋषि से भेंट, त्रिवेणी संगम में बालू से शिवलिंग की सीता द्वारा किए गए पूजा, माता कौशिल्या सहित श्रृंगी ऋषि, शबरी एवं सुग्रीव से भेंट की झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

आयुष्मान कार्ड से गयाराम के घुटने का हुआ सफल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। आयुष्मान कार्ड से गंभीर मरीजों को इलाज करवाने में बड़ी सहायता मिल रही है। बेमेतरा जिले के 71 वर्षीय गयाराम साहू का घुटने का सफल आपरेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से घुटने की दर्द की समस्या से पीड़ित थे।

आपरेशन के बाद पीड़ा से निजात मिल गई है। उन्होंने बताया कि पहले कई चिकित्सकों से इलाज करवाए इसके अलावा आयुर्वेद की दवा ली। पर पीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही थी। निजी अस्पताल में 2 से 4 लाख रुपये का खर्च बता रहे थे। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उक्त राशि वहन करने की स्थिति में नहीं थे।

शहरी युवाओं के कौशल उन्नयन पर कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संचालित दो समाज सेवी संस्थाओं - डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट्स(दोस्त) प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकॉनामिक्स(प्योर) द्वारा कल रायपुर जिले के तिल्दा में 'युवा प्रबोधन कार्यशाला ' का आयोजन किया गया।

तिल्दा स्थित प्रयोग आश्रम में हुए इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शहरी युवाओं के कौशल उन्नयन के विभिन्न पहलुओं और उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक पी. वी .राजगोपाल ने कहा कि समाज को सतत विकास के लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) को हासिल करने के लिए ग़रीबी , असमानता, भेदभाव और हिंसा के खिलाफ ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है । उन्होंने कहा कि जन चेतना के विकास से ही यह हो पाएगा और इसके लिए नागरिक समाज , वंचित समुदाय. शासन और मध्यम वर्ग सभी को आगे आने की ज़रूरत होगी। हम सबको ऐसे कार्य करने होंगे, जिनका समुचित लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। श्री राजगोपाल ने यह भी कहा कि दुनिया के सभी देशों में , सभी जगह गरीबों और वंचितों की समस्याओं पर युवाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक परिवर्तन के लिये हमेशा ही उपलब्ध रहती है।

आठ दिन बाद होगी रविशंकर विवि की वार्षिक परीक्षा, प्रवेश पत्र के लिए भटक रहे विद्यार्थी

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं पांच मार्च से शुरू हो रही हैं। इसके लिए सिर्फ आठ दिन शेष बचें हैं, लेकिन विद्यार्थी अभी भी प्रवेश पत्र के लिए भटक रहे हैं।

विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों ने आवेदन का वेरिफिक्रेशन नहीं किया है, जिसके कारण 20 हजार से अधिक छात्रों के प्रवेश पत्र अटक गए हैं। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा के लिए पिछले दिनों आनलाइन आवेदन मंगवाए गए थे। संबद्ध कालेजों को आनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों को वेरिफाई करना था, लेकिन कालेज प्रबंधन ने वेरिफिक्रेशन नहीं किया, जिसके कारण से प्रवेशपत्र रोक दिए गए हैं। छात्रों के प्रवेशपत्र रुकने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कालेजों को पत्र लिखकर दो दिन के अंदर आवेदन पत्रों को जांचकर अनुमोदित करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि वार्षिक परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन के बाद कालेजों में हार्ड कापी जमा करवा रहे थे, जिसका छात्रों ने विरोध किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने हार्ड कापी जमा नहीं करवाने के निर्देश जारी कर दिए। कालेज प्रबंधन का कहना है कि बड़ी संख्या में आवेदन पत्र मिला है। स्टाफ की कमी और कंप्यूटर सिस्टम भी कम होने के कारण आनलाइन वेरिफिक्रेशन करने में परेशानी हो रही है। छात्रों के द्वारा हार्ड कापी जमा करने पर अन्य शिक्षक भी आवेदन को जांच कर लेते थे। सिर्फ आवेदनों को अप्रुव करना पड़ता था, जिससे देरी नहीं होती थी। अभी आवेदनों को जांचकर अप्रूव करना है, इस वजह से दिक्कत हो रही है।

दो पालियों में होंगी परीक्षाएं

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं में बड़ा बदलाव किया गया है। अभी तक तीन पालियों में परीक्षाएं होती थीं, लेकिन इस बार दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर साढ़े ग्यारह बजे तक चलेगी। वहीं दूसरी पाली दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगी।

गोली मारकर छोटे भाई की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा थाना क्षेत्र के रिंगरोड नंबर 3 स्थित आवासीय कालोनी सफायर ग्रीन फेज-2 में दो भाईयों के बीच हुए विवाद में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है। विधानसभा थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी बड़े भाई पीयूष झा ने अपने छोटे भाई को गोली मारकर हत्या कर दी है। हत्या के बाद अपनी मां को वीडियो कॉल करके छोटे भाई की हत्या की सूचना दी। आरोपी पीयूष झा गन समेत मौके से भाग निकला। जिसे बाद में रायपुर से ही पकड़ लिया गया। इस हत्याकांड की सूचना पुलिस को रात करीब 11:30 बजे मिली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देश पर तुरंत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चन्द्राकर थाना प्रभारी विधानसभा दीपक पासवान घटना स्थल पहुंचे घटना स्थल पर मृतक की मां ने बताया कि मृतक पराग झा को उसका बड़ा भाई पीयूष झा गोली मारकर अपनी कार से भाग गया है। शहर में तुरंत नाकेबंदी की गई आरोपी के कार का नंबर एवं मोबाइल नंबर ज्ञात कर उसको डीडीनगर क्षेत्र में पकड़ने पुलिस को सफलता मिली। मृतक की मां ने बताया की आरोपी और मृतक दोनों एक साथ ड्रोन रिपेयर का कार्य करते हैं दोनों भाइयों के बीच आये दिन मारपीट होती थी। आरोपी नशे का आदी है पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी जब्त कर लिया है।

सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी गजराज सिंह चौहान 24 वर्ष, गोपाल विश्वकर्मा 27 वर्ष, राहुल ध्रुव 22 वर्ष, अर्जून मानिकपुरी 36 वर्ष व राजेश वैष्णव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

विद्यासागर महाराज के नाम पर छग सरकार शुरू करेगी पुरस्कार : बृजमोहन

■ **राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि देने उमड़ा सर्व समाज**

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्र संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज को आज राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक में विनयांजलि दी गई। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री ने आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम पर जल्द ही पुरस्कार की स्थापना, विद्यापीठ और आदर्श गौशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का आयोजन सकल जैन समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत और पुरेंद्र मिश्रा सहित सर्वसमाज प्रमुखों द्वारा आचार्य श्री को विनयांजलि दी गई। संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा सदैव ही आत्म कल्याण एवं जनकल्याण का संदेश दिया गया। वह ऐसे संत थे जिन्होंने अपने धर्मचर्या हेतु छत्तीसगढ़ को काफी पसंद किया। उन्होंने यहां तीर्थ क्षेत्र का निर्माण कराया एवं अपनी अंतिम समाधि के लिए भी छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी डोंगरगढ़ को स्थान दिया। गौरतलब है कि राष्ट्र संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का संल्लेखना समाधि विगत दिनों छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ स्थल की पावन भूमि पर हुई थी। कार्यक्रम में दलेर सिंह, प्रेम चंद, फादर सेबेस्टियन, मोबिन खान, ब्रह्मकुमारी सुषमा दीदी, गुरु युधिस्ठिर लाल जी ने आचार्य श्री को विनयांजलि दी। इस मौके पर आचार्य के जीवन पर आधारित चलचित्र का भी प्रदर्शन किया गया।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती रेल नेटवर्क प्रणाली है : राज्यपाल

■ **पीएम मोदी ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रेल फ्लाइ ओवर तथा अंडर पास निर्माण कार्यों का किया वर्चुअल उद्घाटन एवं शिलान्यास**

■ **दुर्ग एवं रायपुर स्टेशनों को पुनर्विकसित कर विश्वस्तरीय बनाने की योजना है : राजयपाल**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों एवं 1500 फ्लाइओवर और अंडर पास निर्माण कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इनमें 2700 करोड़ रुपये की लागत से छत्तीसगढ़ के 21 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और 83 रोड ओवर ब्रिज व अंडर ब्रिज का निर्माण भी शामिल हैं।

इस अवसर पर रायपुर रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद रायपुर श्री सुनील सोनी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदलाव की नई इबारत लिख रहा है और भारतीय रेलवे भी अपने कायाकल्प के स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है। बीते वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर दिए गए विशेष जोर के ही कारण आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती रेल नेटवर्क प्रणाली है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष के रेल बजट में हमारे राज्य को केंद्र सरकार द्वारा 6 हजार 896 करोड़ से अधिक का बजट आवंटित किया गया है। यह वर्ष 2009 से वर्ष 2014 के बीच दिए गए औसतन बजट के मुकाबले 22 गुना है।

दुर्ग एवं रायपुर दोनों स्टेशनों को पुनर्विकसित कर विश्वस्तरीय बनाने की योजना है। राज्य में वन्दे भारत ट्रेन भी चल रही हैं। राज्य में रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का जो अभियान चल रहा है उसके अंतर्गत 32 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चालू है। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ का रेल नेटवर्क 100 फीसदी विद्युतीकृत हो चुका है।

डॉक्टर्स आन स्ट्रीट ने किया युवा प्रबोधन वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। दोस्त (डाक्टरस आन स्ट्रीट) और प्योर संस्था के द्वारा युवा प्रबोधन वर्कशॉप का आयोजन तिल्दा स्थित प्रयोग आश्रम में किया गया. आयोजन में विशेष रूप से शहरी युवा के कौशल उन्नयन के लिये चर्चा हुई. वर्कशॉप के मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक पी वी राजगोपाल ने कहा कि समाज को सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के लिये , ग़रीबी , असमानता, भेदभाव और हिंसा के खिलाफ ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है. इसके लिये जन चेतना के विकास के लिये नागरिक समाज , वंचित समुदाय. शासन और मध्यम वर्ग सभी को आगे आने की ज़रूरत है. अंतिम व्यक्ति के लाभ को आधार बनाकर किये गये कार्यों से ही यह संभव है उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में सभी जगह गरीब और वंचितों की समस्याओं के विषय पर युवाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं.युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक परिवर्तन के लिये हमेशा ही उपलब्ध रहती है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि सामाजिक विकास में व्यक्तिगत विकास समाहित है. और इस विकास की धारा में ही युवाओं के कैरियर के लिये संभावना बेहतर होती है।

सुविचार

यह कतई जरूरी नहीं है कि कुछ गलत करोगे तभी दुख मिलेगा। कभी कभी हद से ज्यादा अच्छा होने की भी कीमत चुकानी पड़ती है। - अज्ञात

संपादकीय

बंगाल में बढ़ता बवाल

बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकरा बवाल बढ़ता ही जा रहा है। इस मामले को लेकर जमकर सियासत हो रही है। भाजपा ने संदेशखाली की घटना को लेकर ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। अब संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं भी अपने ऊपर हुए अत्याचार के खिलाफ खुलकर सामने आने लगी हैं और उन्होंने संदेशखाली में धारा 144 लागू होने के बाद भी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। आक्रोशित महिलाओं ने शेख शाहजहां के एक गोदाम में आग भी लगा दी। गौरतलब है कि टीएमसी नेता शेखशाहजहां 5 जनवरी से फरार है। उसके खिलाफ 5050 करोड़ रुपए के राशन घोटाले का आरोप है। यही नहीं बल्कि उस पर ग्रामीणों की जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भी गंभीर आरोप लगा है। उसके खिलाफ ईडी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। और इस जांच के दौरान नित नए खुलासे हो रहे हैं। शेखशाहजहां अभी तक फरार हैं। उसके खिलाफ अब लुक आउट नोटिस जारी की गई है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस ही शेखशाहजहां को संरक्षण दे रही हैं। हालांकि बंगाल पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। और मामले की निष्पक्ष जांच कराने का ममता सरकार आश्वासन दे रही हैं लेकिन संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं का ममता बनर्जी सरकार से विश्वास उठ गया है। बंगाल के सिंचाई मंत्री पार्थ भौमिक संदेशखाली की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे और पीड़ित महिलाओं को भरोसा दिलाने की कोशिश है कि उनके साथ न्याय किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा और कम्युनिष्ट पार्टी पर यह आरोप भी लगाया है कि वे संदेशखाली में माहौल को खराब करना चाह रहे हैं। इधर संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं ने शेखशाहजहां की तत्काल गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा देने की मांग को लेकर आंदोलन छेड़ दिया है। इन महिलाओं का कहना है कि यदि शेखशाहजहां छोटी सजा पाकर जेल से छूट जाएगा तो वह फिर से आतंक मचाएगा। कुल मिलाकर बंगाल में मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि मुख्यआरोपी शेखशाहजहां अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर कैसे है। कोलकाता हाई कोर्ट ने इस मामले को लेकर बंगाल सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई है और यह पूछा है कि शेखशाहजहां की अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई है। ममता बनर्जी सरकार के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं है। भाजपा ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है और यह आरोप लगाया है कि वह मुख्य आरोपी को बचाने के लिए इस मामले की लीपा पोती कर रही है। और वहां की पुलिस पीड़ित महिलाओं को भी डराने धमकाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वोट बैंक की राजनीति के चलते यह नहीं चाहती कि संदेशखाली का सच सबके सामने आए लेकिन भाजपा इस मामले को लेकर खामोश नहीं बैठेगी। अब देखना होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित बंगाल दौरे के दौरान संदेशखाली की घटना को लेकर केन्द्र सरकार क्या कदम उठाती है?

प्रदेश को 2700 करोड़ की सौगात

रेलवे अधो संरचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पांच सौ पचास अमृत भारत स्टेशन और रेलवे ओवरब्रिज तथा अंडर ब्रिज का जो वर्चुअल शिलान्यास व लोकार्पण किया है। उसमें से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जोन के हिस्से में 2700 करोड़ रुपए के रेल प्रोजेक्ट शामिल हैं। निश्चित रूप से इससे छत्तीसगढ़ में रेल यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन नई परियोजनाओं के तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले को भी 10 से ज्यादा विकास कार्यों की सौगात मिलने जा रही है। दुर्ग और रायपुर के बीच सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक भिलाई नगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में स्थान मिला है। जिसके पुनर्निर्माण की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधारशिला रखी है। इसके साथ ही दुर्ग जिले के उरला, बघेरा, रसमड़ा और रिसामा के पास अंडरब्रिज का निर्माण भी कराया जाएगा। इन अंडरब्रिजों के निर्माण की मांग लंबे समय से की जाती रही हैं। क्योंकि यहां के रेलवे फाटकों के लगातार बंद रहने की वजह से सड़क मार्ग से चलने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इन रेलवे फाटकों के दोनों तरफ लंबा जाम लगना आम बात हो गई थी। अब इन अंडरब्रिज के निर्माण से लाखों लोगों को भारी राहत मिलेगी। वहीं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो जाने के बाद इस्पात नगरी भिलाई के लाखों लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिल पाएंगी। और इस पुराने रेलवे स्टेशन में कुछ अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का भी स्टापेज मिल पाएगा। वर्तमान में सेक्टर क्षेत्र के लोगों को पावर हाउस रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस ट्रेनें पकड़नी होती हैं। जिससे समय की बर्बादी होती है। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के विकास से पावर हाउस रेलवे स्टेशन से यात्रियों का दबाव भी कम होगा। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सौगात दी है। उससे छत्तीसगढ़ में निवासरत लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी।

परीक्षाओं में फेल होती परीक्षाएं!

योगेश मिश्रा

परीक्षा पूर्णतया निष्पक्ष, स्वतंत्र और बेदाग प्रक्रिया है जिसे हर तरह से ऐसा होना चाहिए जिस पर उंगली न उठाई जा सके। ये आदर्श स्थिति है। लेकिन तमाम चीजों की तरह परीक्षा भी आदर्श स्थिति से कोसों दूर पहुंची हुई नजर आती है। यूपी में लंबे अरसे बाद पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती की घोषणा हुई। सरकारी नौकरी की आस लगाए हुए देश भर के 48 लाख से ज्यादा युवाओं ने 60 हजार पदों के लिए अर्जी लगाई।सरकार ने परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए इंतजामों के लम्बे चौड़े दावे थे। लेकिन नतीजा क्या हुआ? वही पेपर लीक, परीक्षा रद, करोड़ों का नुकसान, हताश परीक्षार्थी। हालात को कंट्रोल करने के लिए अब केंद्रीय कानून है। राज्यों के कानून अपनी जगह हैं। लेकिन क्या सिर्फकानून बनाने, सख्त सजा बनाने से बीमारी ठीक हो जाएगी। शायद नहीं। क्योंकि हर अपराध के लिए सजाएं हैं, कानून हैं फिर भी कौन से अपराध घटे हैं? अपराध खत्म होना तो बहुत दूर की बात है। हत्या की सज़ा फांसी है लेकिन हत्याएं बढ़ी ही हैं। दरअसल, समस्या की जड़ कहीं और है लेकिन मट्ठा कहीं और डाला जा रहा है। बेरोजगारी,सरकारी नौकरी के लिए दीवानापन, सामाजिक सुरक्षा की नितांत कमी, गरीबी, भ्रष्ट आचरण, बेईमानी जैसे तमाम कारक हैं जहां तक जड़ें फैली हुई हैं और फैलती-गहराती ही जा रहीं हैं।

किसी मुकाम पर पहुंचने का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। रास्ता पूरा और नियत तरीके से ही तय करना पड़ता है। ये तय है। जल्दी रास्ता तय करने या झटपट नतीजा हासिल करने के नतीजे भी शॉर्ट ही होते हैं। इस सच्चाई को जानने के बावजूद शॉर्ट कट अपनाने वालों की कोई कमी नहीं है। हम अपने इर्दगिर्द देखें तो हर जगह यही नजर आता है। खासकर, हमारे युवा देश के युवा कर्णधारों के बीच ये रोग गहरे पैठ कर गया है। बस किसी तरह नतीजा अपने हक में चाहिए। और ये बीमारी स्कूल स्तर से ही शुरू हो जाती है। तभी तो, स्कूल-कालेज की परीक्षा हो, कहीं दाखिले की परीक्षा हो या नौकरी पाने की परीक्षा हो, हर स्तर पर पास भर होने के लिए शॉर्ट कट अपनाने वालों की भरमार है। ये भी जरायम का बड़ा धंधा बन चुका है। ये उसी तरह है कि ड्रग्स न लेने वालों को चस्का लगा कर लती बनाया गया है। पहले जो कभी सुना नहीं गया था वह शब्द ÷एग्जाम माफिया÷ अब प्रचलन में आ चुका है। इसी का असर है कि भारत में अक्सर ही पर्चे लीक होने की खबरें आती रहती हैं, जिसके चलते परीक्षा रद्द करनी पड़ती है। ताज़ा मामला उत्तर प्रदेश का ही है। जहां पुलिस भर्ती की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से रद कर दी गई है। अब 48 लाख परीक्षार्थियों पर क्या बीतेगी, ये आप खुद अंदाज़ा लगा सकते हैं। यूपी के इस मामले के आलोक में जान लीजिए कि बीते पांच वर्षों में 15 राज्यों में नौकरी भर्ती परीक्षाओं में पर्चा लीक के 41 मामले पाए गए थे। जो मामले पकड़ में नहीं आये उनका तो कहना ही क्या। दो साल पहले, रेलवे भर्ती परीक्षा के परिणामों में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर खूब हिंसक बवाल हुआ, जिसके चलते परीक्षा स्थगित कर दी गई।

इस परीक्षा में लगभग 35,200 से अधिक पदों के लिए लगभग 7,00,000 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। राजस्थान में 2018 के बाद से 12 भर्ती परीक्षाएं रद की जा चुकी हैं। कई परीक्षा तो आखिरी घड़ी में रद की गईं। क्यों? वही पेपर लीक का रोग। मध्यप्रदेश के व्यापम स्कैम की परतें तो आज तक नहीं खुल सकीं हैं। 2013 में इसका भंडा फूटा था। हजारों नौकरियां फर्जी तरीकों से हासिल की गईं, कितने ही मेडिकल एडमिशन भ्रष्ट तरीके से लिये गए। 13 तरह की परीक्षाओं को आयोजित करने वाले व्यापम संगठन में क्या क्या नहीं हुआ। घोटाले में नेता, हर स्तर के अधिकारी और व्यवसायी शामिल थे। इस बेहद खतरनाक स्कैम में दर्जनों लोगों की जान तक जा चुकी है। 2022 में सीबीआई ने आईआईटी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में सेंध लगाने के आरोप में एक रूसी हैकर को गिरफ्तार किया था। ये हैकर किसी कोचिंग संस्थान के लिए काम करता था। इसे धोखाधड़ी की इंतहा ही कहेंगे। शायद दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है जहां परीक्षा में बेईमानी के खिलाफकेंद्रीय और राज्यों के कानून हैं जिनमें सख्त सजाओं का प्रावधान है। पिछ्ले कुछ वर्षों में कई राज्यों ने परीक्षाओं में धोखाधड़ी को रोकने के लिए कानून बनाए हैं, खासकर लोक सेवा आयोगों में भर्ती के लिए। परीक्षाओं में धोखाधड़ी और बेईमानी के कारण 2023 में उत्तराखंड ने सख्त कानून बनाया। गुजरात में आलम ये रहा कि 2015 के बाद से राज्य बिना पेपर लीक के एक भी भर्ती परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हुआ है। इसीलिए फरवरी 2023 में, गुजरात विधानसभा ने सार्वजनिक परीक्षाओं में धोखाधड़ी को दंडित करने के लिए एक कानून भी पारित किया। अन्य राज्यों जैसे कि राजस्थान (2022), उत्तर प्रदेश (1998 में पारित अधिनियम) और आंध्र प्रदेश (1997 में पारित अधिनियम) में भी समान कानून हैं। ताज़ा तरीन उदाहरण केंद्र सरकार का है। संसद ने सरकारी नौकरियों और सार्वजनिक कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए एक सख्त नया कानून पास किया है।कानून के तहत नकल की सुविधा देने वालों के लिए तीन से 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। यही नहीं, इसमें दस लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी है।नया कानून सीधे तौर पर परीक्षार्थियों पर जुर्माना नहीं लगाता है बल्कि नकल कराने वालों यानी एग्जाम माफिया को टारगेट करता है। यह कानून संघीय सरकार और उसकी परीक्षण एजेंसियों द्वारा आयोजित अधिकांश परीक्षाओं पर लागू होगा। सभी अपराध गैर-जमानती हैं और उनकी जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा की जाएगी। सरकार ने कहा है कि यह अधिनियम ÷अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता÷ लाएगा क्योंकि यह परीक्षाओं में कदाचार को रोकने वाला पहला संघीय कानून है। सिर्फ कानून ही नहीं, 2017 में केंद्र सरकार ने बाकायदा एक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी स्थापित की जिसका काम जेईई मेन, नीट यूजी, यूजीसी-नेट, सीमैट, जैसे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को कराना है। ये तो राष्ट्रीय एजेंसी है, हर राज्य में अपने अपने भर्ती बोर्ड, परीक्षा बोर्ड हैं। लेकिन नतीजा क्या है? जब भी पेपर लीक होते हैं, दूसरे के नाम पर परीक्षा देते लोग पकड़े जाते हैं, आंसर शीट में बेईमानी पकड़ी जाती है तब एग्जाम माफिया के नाम पर कुछ धरपकड़ होती है, बहुत से बहुत कुछ बाबू धरे जाते हैं। लेकिन परीक्षा बोर्ड के आला अधिकारियों पर कोई आंच नहीं आती। परीक्षा सही से कराने का सात चक्रव्यूह रचने वाले को छुआ तक नहीं जाता जबकि पैदल सेना के सिपाही पकड़े जाते हैं। ये भी एक अजीब सिस्टम है।

ये पहले ही क्यों मान लिया जाता है कि परीक्षा - भर्ती बोर्डों के आला आईएएस, आईपीएस अफसर बेदाग हैं, एग्जाम माफिया के करोड़ों के खेल में उनका कोई हाथ नहीं है? जबकि यही आला अफसर परीक्षा के पहले अपने चक्रव्यूह में बायो मीट्रिक व्यवस्था, फेशियल रिकग्निशन, मोबाइल जैमर, सीसीटीवी, स्कैनिंग, एक्सरे, और न जाने क्या क्या इंतजामों का बखान करते नहीं थकते। लेकिन पर्चा लीक होने पर उनको कठघरे में खड़ा नहीं किया जाता। परीक्षा तो किसी को तौलने, आंकने,समझने का पैमाना होती है। परीक्षा देने वाले के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति क्योंकि परीक्षा का परिणाम बना भी सकता है या तोड़ सकता है। परीक्षा लेने वाले को इसीलिए बहुत ऊंचा स्थान दिया गया है, वह एक तरह से न्यायाधीश की भांति होता है, उसे गलत और सही का निर्णय जो लेना होता है।

आज का इतिहास

1921 में 27 फरवरी के दिन ही वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी। 1956 में आज ही के दिन मिस्र में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला था। 1931 में आज ही के दिन प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का निधन हुआ था। 1965 में 27 फरवरी के दिन ही फ्रांस ने एकर अल्जीरिया में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1974 में आज ही के दिन अमेरिकी साप्ताहिक पत्रिका 'पीपुल' की बिक्री शुरू हुआ था। 1988 में 27 फरवरी के दिन ही पहली बार हेलीकॉप्टर डाक सेवा का उद्घाटन किया गया था। 1999 में आज ही के दिन नाइजीरिया में असैन्य शासन के लिए चुनाव हुआ था। 2005 में 27 फरवरी के दिन ही मारिया शारापोवा ने कतर ओपन खिताब जीता था। 2007 में आज ही के दिन लान्साना कोयटे गुयाना के नए प्रधानमंत्री बने थे। 2008 में 27 फरवरी के दिन ही लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 25 महिलाओं को जी.आर-8 सम्मान से सम्मानित किया गया था। 2009 में आज ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं कोरा कागज़ डस्टबिन का, तुम डॉलर का हो नोट प्रिये

मैं कोरा कागज़ डस्टबिन का, तुम डॉलर का हो नोट प्रिये, मैं हर चुनाव में कोंग्रेस सा, तुम ले गयी सारे वोट प्रिय, मैं करेले का कड़वा रस ठहरा, तुम शक्कर की मिठास प्रिये, मैं दो बाय दो का कमरा हूँ, तुम हो दीवान-ए-ख़ास प्रिये, तुम टेलर स्विफ्ट का पॉप गाना, मैं अलताफ़राज़ा की ग़ज़ल प्रिये, तुम कॉर्न फ्लेक्स सी नाजुक हो, मैं काले चने की फ़सल प्रिये, तुम लगती iOS वाली, मैं चाइना का फ़ोन प्रिये, तुम 3G 4G 5G हो, मैं नो नेट्वर्क का ज़ोन प्रिये, तुम दिल्ली मेट्रो का पहला कोच, मैं दादर लोकल का डिब्बा प्रिये, तुम हो इटली का पास्ता, मैं आमले का मुरब्बा प्रिये, तुम मद्धम धुन हो प्यारी सी, मैं सरकारी बस का हॉर्न प्रिये, तुम फुल HD की मूवी हो, मैं रहता दिनभर मौन प्रिये, हर जगह देखा हर जगह ढूँढा, ना तुमसा कोई हसीन प्रिये, तुम सच मान कर हंसने वाली, मैं झूठ बोलने की मशीन प्रिये।

-अभिषेक धाड़से

ख़ास पाती

आसमां भी प्रेम लुटाता है

आसमां भी प्रेम लुटाता है, स्नेह बाँटता है एक दिन, दूर से जब देखा ... धरा -आसमान को, पाया की ये मिलते है... ज्योंही इनके क़रीब बढ़ती गई देखा कि दूरियाँ बढ़ती गई फिर देखा... यही आसमान अपने बादल को बरसा देता है ... और अपनी प्रेमरूपी बूँद से... धरा को सरोबार कर देता है .. पुनः दोनों लगते है ... मिलते हुए .. **-वंदनागोपाल शर्मा शैली**

वो कहता है मुझसे, पढ़ना तो तुम्हे आता

वो कहता है मुझसे,,, पढ़ना तो तुम्हें पहले से आता था अब लिखना भी सीख गई और मैं हंसते हुए कहती हूं जनाब परिस्थितियां न जाने क्या क्या सिखा देती है,फिर ये तो लिखना ही है क्यो है न। **-मीता खुराना**

बस की लाइट टूट गई थी

बस की लाइट टूट गई थी, और जगह हो गई थी खाली, घर पर तो हरदम करता था अब बस में करता रखवाली, पैसे देता कौन है मुझको मत दो मुझको बस तुम गाली, खाली नहीं बैठ सकता हूँ कभी सड़क-औ-कभी थी नाली, देश-प्रेम के चलते देखो छोड़ रखी मैंने घरवाली फिर भी रोटी फेंक के देवे कोई नहीं देता है थाली। **-जेडी कुदाल**

सब अच्छा है लेकिन

सब अच्छा है लेकिन कहीं ऐसा न हो हमारा दिमाग प्रश्न करना ही छोड़ दें। उसे सब अच्छा न लगना लगे।यदि ऐसा हुआ तो हम स्वतंत्र निर्णय लेने लायक बचेंगे ही नहीं। **-दिव्या राकेश शर्मा**

लेते हैं भाव हिलोरें तो

लेते हैं भाव हिलोरें तो रह रह के मन में हिचकन से। कुछ गीत बनाए हैं हमने पीड़ा की गहरी सिसकन से। मैं सुना रहा था गीतों से मीठी सी प्रेमिल शहनाई दे गई जख्म तन में गहरे कातिल सी कोई पुरवाई हमने कुछ गीत सुनाए हैं भीगी भीगी सी धड़कन से। आई वो जाने कौन हवा सब हंसी चुरा कर चली गई मुझको कुसूर मालूम नहीं इक शाम रुला कर चली गई कुछ गीत बने हैं आंसू की धीमी धीमी सी छन छन से। **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

बहे रक्त रगो मे अब भी वही

बहे रक्त रगो मे अब भी वही, ये वक्त हमे क्या बदलेगा, जो आएगा आमने-सामने, वो खुद अर्थी पर लद लेगा। सुन! वंशज महाराणा के है, दुश्मन को पसीना आ जाए, देते हैं मात चंद पलों में हम, चाहे कोई कमीना आ जाए। **संजय सिंह राजपूत**

कर्नाटक में जजिया 2.0 लागू बधाई हो

कर्नाटक में जजिया 2.0 लागू बधाई हो (मन्दिर पर टैक्स लागू)! कर्नाटक कि जनता को बधाई दिल्ली कि जनता को वैसे भी आंदोलन कि सरकार चुनने का प्रसाद मिल रहा है 24 के चुनावों में स्वार्थ सिद्धि से उपर उठना है अब कि बार 400पार !! **अंबरदानी**

सुनो मुझे इंतज़ार है

सुनो मुझे इंतज़ार है अगले जन्म का बेसब्री से अब,, सब कुछ हासिल कर तो लूँ इस जन्म कि बहुत छोटे हैं मेरे सारे सपने,सिवा तुम्हारे बहुत बड़े हो तुम इतने बड़े जैसे हो एक जन्म, और मेरी ज़िद, उससे भी बड़ी जो कराती है इंतज़ार अगले जन्म तक का,,,, **सूची भवी**

प्रेरक प्रसंग

छाता है, किस काम के लिए ?

कांग्रेस का अधिवेशन हो रहा था और वर्षा की झड़ी लगी थी। एक-एक करके नेता लोग निकले चले जा रहे थे; एक कोने में खड़े श्री व्यंकटेशनारायण तिवारी वर्षा रुकने की प्रतीक्षा में थे, अनेक नेता छाता लगाए हुए, उनके सामने से गुजरे और सभी ने केवल एक बात पूछी- क्यों व्यंकटेश छाता नहीं लाए ? अंत में आए महामना मालवीय, सिमटे खड़े तिवारी को देखते हुए बोले-अरे, व्यंकटेश, तुम यहाँ खड़े हो, आओ छाते में हो लो।

महामना ने उन्हें खींचकर अपने छाते में ले ही लिया और बोले- आखिर यह छाता है, किस काम के लिए ?

QUIZ TIME

1) दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के मूल्य में अंतर को क्या कहते हैं?

2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला कब रखी थी?

3) अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कब मनाया गया?

4) जल निर्गम छिद्र किस प्रकार की स्थलाकृति में पाए जाते हैं?

5) हाल ही में नासा और किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी दुनिया का पहला लकड़ी का उपग्रह लॉन्च करने के लिए शामिल हुई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) व्यापार संतुलन / शेष (2) 10 दिसंबर 2020 (3) 21 फरवरी (4) चूना क्षेत्र (5) जापान

आज का पंचांग

सूर्योदय : : 07:58, सूर्यास्त : 06:22, चन्द्रोदय : 19:52, चन्द्रास्त : 07:46, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : हस्त, योग : शूल, प्रथम करण : तैतिल (09:55 तक), द्वितीय करण : गर (23:15 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कन्या (08:10 से), मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:53, अमृत काल : 20:23 से 22:11, विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:10, गोधूलि मुहूर्त : 18:11 से 18:36, सायाह्न सन्ध्या : 18:13 से 19:28, निशिता मुहूर्त : 24:04 से 24:55, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:04 से 12:30, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : उत्तर (28:32 तक), अग्निवास : पृथ्वी (23:15 तक), चन्द्रवास : पूर्व (दक्षिण 08:11 से), शिववास : सभा में (23:15 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको मिश्रित फल प्रदान करेगा। प्रातःकाल से ही शारीरिक थकान व कमजोरी अनुभव होने से आलस्य बढ़ेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिये पहले की तुलना में शांति दायक रहेगा आज आध्यत्म में विशेष रूचि रहेगी पूजन-सत्संग का आयोजन करेंगे शुभ धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते है।

मिथुनः आज का दिन आपको मिश्रित फल देगा। बुद्धि विवेक रहने पर भी मन में राग-द्वेष की भावना रहने से किसी प्रिय से दूरी बन सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। दिन आप के लिए लाभदायक रहेगा। आज स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए सुख-शांति वाला रहेगा। मित्र-परिजन के साथ मनोरंजन के लिए पर्यटक स्थल पर जाने का अवसर मिलेगा।

कन्याः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कार्यो में मनचाही सफलता मिलने से प्रसन्न रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल परिस्थितियों वाला रहेगा जहां से लाभ की उम्मीद रहेगी वहां से निराशा मिलेगी।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके लिए शुभफलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती दिखाएंगे काम की अपेक्षा आराम का मन रहेगा।

धनुः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज दिन भर शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति रहेगी। आपका सामाजिक व्यवहार बढ़ेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा। परिश्रम के बाद भी कार्यो में विलम्ब होने से हताशा बढ़ेगी।

कुंभः आज का दिन विपरीत फलदायी रहने से आप शारीरिक अस्वस्थ्यता अनुभव करेंगे। रक्तविकार अथवा सर्दी लगने से परेशानी होगी।

मीनः आज का दिन भी आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा दिन घरेलू सुख-शांति दायक रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -346

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

हरदुआ और सुमरेरी रेलवे स्टेशनों में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले हरदुआ और सुमरेरी रेलवे स्टेशनों में गाड़ी संख्या 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का हरदुआ और सुमरेरी रेलवे स्टेशनों में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा 24 फरवरी से प्रदान की जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छ: माह के लिए दिया जा रहा है। 24 फरवरी से भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का हरदुआ रेलवे स्टेशन में 18.32 बजे पहुचकर 18.34 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 25 फरवरी, 2024 से बिलासपुर रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का हरदुआ रेलवे स्टेशन में 06.22 बजे पहुचकर 06.24 बजे रवाना होगी। 24 फरवरी, 2024 से भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का सुमरेरी रेलवे स्टेशन में 13.38 बजे पहुचकर 13.40 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 25 फरवरी से बिलासपुर रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का सुमरेरी रेलवे स्टेशन में 11.22 बजे पहुचकर 11.24 बजे रवाना होगी।

सिस्टम कमजोर, हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। कुछ दिनों से विक्षोभ और द्रोणिका के कारण मौसम का मिजाज बदल गया था और हल्की बदली के साथ अलग-अलग जगहों में बारिश भी होते रही लेकिन अब सिस्टम अब धीरे-धीरे कमजोर होते जा रहा है और मौसम वैज्ञानिकों को कहना है कि अब सिस्टम कमजोर होने के कारण मौसम साफ हो जाएगा और करीब सप्ताहभर बाद गर्मी बढ़ने की संभावना है। इस तरह वर्तमान में जो सिस्टम बना हुआ है व एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 55 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है । प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में नमी, बंगाल की खाड़ी से आ रही है । प्रदेश में कल दिनांक 27 फरवरी को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। प्रदेश में न्युनतम तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

मानसिक रूप से कमजोर महिला को कराया भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। डायल 112 को सूचना मिली कि एक 25-30 साल की एक महिला मस्तूरी बस स्टैंड के आसपास में इधर- उधर भटक रही है व अपना नाम पता बता नही पा रही है मानसिक रूप से कमजोर होने की जानकारी मिलने पर उसके साथ कुछ घटना दुर्घटना होने की आशंका को ध्यान में रखकर मस्तूरी पुलिस द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उस महिला को सखी सेंटर बिलासपुर के माध्यम से मानसिक अस्पताल सेंदरी में भर्ती कराया गया है जहाँ पर उस महिला का उपचार किया जा रहा है। पीड़ित महिला अपने परिजनों के सम्बन्ध में कुछ बता नही पा रही है अभी तक उसके परिजनों के विषय मे कोई भी जानकारी नही मिल पाई है।उक्त महिला के परिजनों के सम्बंध में कोई भी जानकारी मिलने पर थाना मस्तूरी को सूचित करने का कष्ट करें।

152 गुंडा एवं 72 निगरानी बदमाशों को दी चेतावनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी रजनेश सिंह (भापुसे) के निर्देशानुसार लगातार 3 दिनों से सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले गुंडा एवं निगरानी बदमाश तथा विगत 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों की चेकिंग हेतु अभियान चेकिंग के दौरान अपने थाना क्षेत्र में निवासरत गुंडा एवं निगरानी बदमाश, पिछले 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को शाम 6 बजे से सुबह 5 बजे के मध्य उनके निवास स्थान पर जाकर भौतिक रूप से चेक किया गया तथा कुछ को थाने बुला कर चेक किया गया। इसमें आरोपियों के वर्तमान में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर, उनके आजीविका के साधन, उनके निवास आदि में हुए परिवर्तन सहित अन्य जानकारियां एकत्र की गयी। गुंडा तथा निगरानी बदमाशों के आजीविका के वर्तमान साधनों के बारे में जानकारी ली गयी।

हाईकोर्ट से जुड़े प्रकरण में लापरवाही, पटवारी समेत 3 निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में पटवारी और दो कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। बिलासपुर के अनुविभागीय अधिकारी ने सिरगिट्टी के पटवारी को समय सीमा के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने और काम में लापरवाही करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। वहीं समिति की अनुशंसा पर सहायक ग्रेड 2 निर्मल शुक्ला और सहायक ग्रेड 3 समीर कुमार तिवारी को निलंबित कर दिया गया है। दोनों को तहसील कार्यालय पचपेड़ी में पदस्थ किया गया है। दरअसल उच्च न्यायालय, छग बिलासपुर में दर्ज प्रकरण कमाक-88/2024 में पारित आदेश के पालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर के न्यायालय के प्रकरणों के निरीक्षण के संबंध में गठित समिति ने प्रतिवेदन दिया था, प्रतिवेदन के मुताबिक वाचक की हैसियत से समीर कुमार तिवारी, सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय बिलासपुर (वाचक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर) एवं निर्मल शुक्ला, सहायक ग्रेड-2 अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तखतपुर (वाचक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर) की गंभीर लापरवाही मिली थी। इन दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गयी थी, जिसके बाद समीर कुमार तिवारी, सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय बिलासपुर (वाचक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर) एवं निर्मल शुक्ला, सहायक ग्रेड-2 अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तखतपुर (वाचक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर) को छ0ग0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम-1966 के नियम-9 के अधीन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। लगभग सौ से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर निजी एवं सामुदायिक मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

जनदर्शन में कोटा ब्लॉक के ग्रापं परसापानी की सरपंच लैला कोरवा ने प्राथमिक शाला बहरी झरिया एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसापानी में शौचालय निर्माण कराने की मांग की। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम लोहर्सी निवासी सेवानिवृत्त मनहरण लाल साहू ने पेंशन प्रकरण के निराकरण करने और अंतिम राहत पेंशन एवं उपादान राशि जारी करने कलेक्टर से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी के पद पर मस्तूरी ब्लॉक में कार्य करते हुए 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुआ। लेकिन आवेदन देने के उपरांत भी अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। कलेक्टर ने सीईओ मस्तुरी के मामले को सौंपते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। पचपेड़ी तहसील के ग्राम भुरकुंडा निवासी मनंशाराम ने किसान पुस्तिका बनवाने आवेदन दिया। खैरखुण्डी गांव के निवासी मनमीत कुमार माथुर ने रोजगार सहायक द्वारा गलत तरीके से जॉब कार्ड से नाम काटने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले को जिला पंचायत सीईओ को सौंपा। जगमल चैक निवासी सीता देवी यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया। ग्राम कड़ार निवासी सुखीराम केंवट ने पशु शेड निर्माण की राशि स्वीकृति करने के उपरांत भी शेड नहीं बनाये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मामले के निराकरण के निर्देश दिए।

स्वीकृति के बाद भी नहीं मिल रही राशि, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। 100 से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर निजी एवं सामुदायिक मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जनदर्शन में कोटा ब्लाक के ग्राम पंचायत परसापानी की सरपंच लैला कोरवा ने प्राथमिक शाला बहरी झरिया एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसापानी में शौचालय निर्माण कराने की मांग की। मस्तूरी ब्लाक के ग्राम लोहर्सी निवासी मनहरण लाल साहू ने पेंशन प्रकरण के निराकरण करने और अंतिम राहत पेंशन एवं उपादान राशि जारी करने कलेक्टर से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी के पद पर मस्तूरी ब्लाक में कार्य करते हुए 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुआ। लेकिन आवेदन देने के उपरांत भी अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। कलेक्टर ने सीईओ मस्तूरी को मामले को सौंपते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। पचपेड़ी तहसील के ग्राम भुरकुंडा निवासी मंशाराम ने किसान पुस्तिका बनवाने आवेदन दिया।

खैरखुंडी गांव के निवासी मनमीत कुमार माथुर ने रोजगार सहायक द्वारा गलत तरीके से जाब कार्ड से नाम काटने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले को जिला पंचायत सीईओ को सौंपा। जगमल चौक निवासी सीतादेवी यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया। ग्राम कड़ार निवासी सुखीराम केंवट ने पशु शेड निर्माण की राशि स्वीकृति करने के उपरांत भी शेड नहीं बनाये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मामले के निराकरण के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री साव के जनदर्शन में 250 लोगों ने बताई समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नेहरू चौक स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उप मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता और बड़े इत्मीनान से सुना। सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा दिलाया। लगभग ढाई सौ लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक मांगों एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। बिलासपुर के साथ-साथ आस-पास के जिलों से भी लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया।

जनदर्शन में उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने घोषणानुरूप लंबित डीए बढ़ाने की मांग की। मुंगेली जिले से स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। श्रीमती रेखा ठाकुर ने बताया की शासन द्वारा रेडी-टू-ईट का संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिये जाने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे हम सभी समूह की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है। जनदर्शन में लोग निजी और सामूहिक किस्म की समस्याओं को लेकर पहुंचे। विष्णु नगर निवासी चूरामणी मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने की मांग की। मितानिनों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर मानदेय समय पर दिलवाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने उनके आवेदन पर गंभीरता से कार्यवाही का आश्वासन दिया।

भागवत बने जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ बिलासपुर की आमसभा फरवरी को संपन्न हुई। इस अवसर पर संघ के आय-व्यय का ब्यौरा सहित संघ के नए अध्यक्ष का चुनाव भी संपन्न हुआ। इस चुनाव में भागवत प्रसाद यादव को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

इस अवसर पर सबसे पहले सुबह अध्यक्ष सूर्यकांत जायसवाल ने अपने कार्यकाल का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। साथ ही नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया के लिए वरिष्ठ अधिकारी अधीक्षक स्थापना एवं पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी संघ बिलासपुर को चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कराने के लिए अनुरोध किया। चुनाव अधिकारी के रूप में चन्द्रप्रकाश बाजपेयी- सीनियर आडिटर आफिसर कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं श्रीकांत शुक्ला- सीनियर कॉपरेटिव्ह इंस्पेक्टर- कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं उपस्थित थे। चुनाव की प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें भागवत प्रसाद यादव, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर एवं गिरधारी यादव। नाम वापसी के लिए गिरधारी यादव द्वारा नाम वापस लिए जाने की वजह से दो प्रत्याशी ही थे। जिसमें 272 सदस्यों ने मतदान किया जिसमें से 257 मत भागवत प्रसाद यादव, 13 मत धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर को एवं 02 मत रिजेक्ट किए गए। इस तरह भागवत प्रसाद यादव को चुनाव अधिकारियों द्वारा आज से अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष पद का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए है। आमसभा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रधान एवं शाखा कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण जिसमें शशांक शेखर दुबे- स्थापना अधीक्षक, पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत जायसवाल, जवाहर यादव, अमित दुबे, गोपी यादव, आशीष दुबे, उमाशंकर यादव, भूपेन्द्र सिंह, रमेश यादव, गिरधारी यादव, किशोर चन्द्राकर, रवि जायसवाल, उमाशंकर यादव, सुमंत यादव, अनामिका साव, रंजना पाण्डेय, राजकिशोरी एक्का, रमेश यादव, कमल सिंह ठाकुर, रेशम तिवारी, अश्वनी पाण्डेय, शैलेन्द्र तिवारी, सुशील जोशी, सतीश राठौर, शत्रुहन ठाकुर, रोहित राठौर, संतोष सिंह ठाकुर, देवेन्द्र देवांगन, अजय साहू, पोषण सोनी, सत्येन्द्र मानिकपुरी, अशोक बिरको, संतोष सोनी, प्रमोद वैष्णव, नरेन्द्र राय, सुशील पनोरे, वीरेन्द्र टण्डन, शंकर साहू, भूपेन्द्र ठाकुर, संतोष कौशिक, दीपक तिवारी, देवेन्द्र शुक्ला, माधोसिंह चौहान, ऋषि सिंह, लक्ष्मण कौशिक, छन्नू वर्मा, उज्ज्वल दुबे, किरीरात साहू, मोतीलाल चौहान, नीलाधर कंवर, जनक यादव सहित आदि उपस्थित थे।

न्योता भोज में शामिल होंगे कलेक्टर

श्रम आयुक्त जन्म दिन पर देंगी बच्चों को भोज

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण आज को चिंगराजपारा स्कूल में आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। सहायक आयुक्त श्रम विभाग ज्योति मिश्रा ने अपनी जन्म दिन के उपलक्ष्य में चिंगराजपारा सरकारी स्कूल में बच्चों को न्योता भोज दे रही हैं। बच्चों को नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक खीर पुड़ी व फल परोसे जाएंगे। कलेक्टर ने आज टीएल की बैठक में योजना की जानकारी देकर जन प्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों से भी इस योजना में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में राज्य सरकार की मोदी की गारंटी वाली रामलला दर्शन योजना की तैयारी की समीक्षा की। योजना के समन्वय के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने डीएमएफ की शासी परिषद में स्वीकृत कामों की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के लिए फाइल प्रस्तुत करने को कहा है। स्वीकृत कामों में वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को नए स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास और पूर्ण हो चुके कामों के लोकार्पण के लिए सूची 27 फरवरी तक जिला पंचायत में जमा करने को कहा है। कलेक्टर ने विभागवार लंबित मामलों में प्रगति की जानकारी लेकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट योजना के तहत जिले में मत्स्य पालन गतिविधि का चयन किया गया है। कलेक्टर ने इसकी कार्ययोजना बनाकर तेजी से काम करने को कहा है। बैठक में निगम कमिश्नर व जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, डीएफओ संजय यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

योजना | पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का जताया आभार

अमृत भारत स्टेशन योजना बन रही विकसित भारत की नई पहचान : कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 41 हजार करोड़ रू से अधिक की विकास परियोजना मे देशं के लगभग 2 हजार रेल्वे व बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्धाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 21 रेल्वे स्टेशन जिसमें बिल्हा रेलवे स्टेशन के पुननिर्माण का भी शिलान्यास किया गया, साथ ही 4 अंडरब्रिजों बिल्हा रेलवे फाटक अंडरब्रिज, उड़गन फाटक अंडरब्रिज, दाधापारा फाटक अंडरब्रिज और भैंसबोड फाटक अंडरब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा रेलवे स्टेशन में आयोजित इस कार्यक्रम के साथ जुड़कर उपस्थित नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश और प्रदेश में विश्वस्तरीय अधोसंरचना विकसित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि स्टेशन के निर्माण से इन स्टेशनों एवं अंडरब्रिजों के निर्माण से आम आदमी की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी, साथ ही ओवर ब्रिज/अंडरपास बनने से निर्बाध रेल और सड़क यातायात भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के विकास और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के कार्यों से प्रदेश को विकसित बनाएगी। आज देश और

प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली प्रगतीशाली, समृद्धशाली और आत्मनिर्भर बन रहा है।

उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व स्तर के अनेक कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे है और दुनिया मोदी जी को भारत का लोहा मान रहे हैं। भारतीय रेल के इतिहास में भी एक बार फिर नए अध्याय की शुरूआत हो रही है, अमृत भारत स्टेशन योजना विकसित भारत की नई पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री जी ने भारत के करीब 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवरब्रिज/अंडरपास जिसमें छत्तीसगढ़ के 21 रेल्वे स्टेशनों को नया स्वरूप देने की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्टेशनों को अमृत भारत रेल्वे स्टेशन के तौर पर विकसित किये जाएंगे और उनका पुनर्विकास आधुनिकता के साथ होगा। उन्होंने कहा कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा है, देश अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। नई उर्जा, प्रेरणा, संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, डॉ देवेन्द्र कौशिक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अत्यधिक आवाज में डीजे बजाने पर संचालक पर कार्यवाही

बिलासपुर/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया था कि अत्यधिक तेज आवाज में डीजे चलाने वालों पर कार्यवाही किया जावे, के परिपालन को रात्रि में जरिये मुखबिर सूचना मिला कि ग्राम सरैहापारा पहंदा में डीजे संचालक अत्यधिक तेज आवाज में डीजे चला रहा है,की सूचना तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ एवम गवाहान के मौका पहुचकर डीजे संचालक को अत्यधिक आवाज में डीजे बजाने की अनुमति या वैध दस्तावेज प्रस्तूत करने हेतु नोटिस दिया गया जो डीजे बजाने के संबंध में कोई अनुमति या वैध कागजात प्रस्तुत नही करने पर अनावेदक डीजे संचालक तुलसी कुमार कैवर्त, पिता कौशल प्रसाद, उम्र 23 वर्ष, निवासी लखराम, थाना रतनपुर जिला, बिलासपुर के पेश करने पर एक सेट डीजे साउंड तथा एम्पलीफायर को जप्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्र.आर. प्रीतम सिंह, आर.सत्येन्द्र सिंह, विजयेंद्र कोल , कौशल बिंझवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

■ न्यूज गैलरी

मेडिकल संचालकों की एसपी ने ली बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कांकेर पुलिस द्वारा अनुविभाग एवं थाना स्तर पर 25 फरवरी 2024 को जिला कांकेर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की मीटिंग ली। मीटिंग में पुलिस अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर के संचालकों को किसी प्रकार के प्रतिबंधित साइकॉट्रॉपिक ड्रग्स के अवैध रूप से बिक्री नहीं करने के संबंध में अवगत कराया। साथ ही इस प्रकार की दवाइयों की खरीदी बिक्री के रिकार्ड संधारित किए जाने के निर्देश दिए। मेडिकल स्टोर संचालक को पुलिस द्वारा बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयां बिना प्रीस्क्रिप्शन के लेने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस थाने में पुलिस में दें। मेडिकल स्टोर संचालकों एवं मेडिकल स्टॉकिस्ट द्वारा इस प्रकार की दवाइयों की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री करते पाया जाएगा तो उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

सशिमं के मटियारा अध्यक्ष अशोक राठी सचिव

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर गढ़पिछवाड़ी स्कूल के शिक्षा समिति कांकेर का प्रबंध कार्यकारिणी समिति चुनाव 2024 हुआ। यह जानकारी कैलाश कुमार तारक प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर कांकेर ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें चुनाव अधिकारी लक्ष्मण राव मगर विजय बेसरा निर्वाचन अधिकारी एवं सहयोगी संगमलाल पाण्डेय थे। इसमें अध्यक्ष भरत मटियारा उपाध्यक्ष रामशरण जैन सचिव/व्यवस्थापक अशोक राठी सह सचिव अजय जैन कोषाध्यक्ष राजगोपाल कोठारी सदस्य ललित गांधी प्रो.नवरतन साव ललित राव श्रीमती तृप्ति जैन पोखन लाल सिन्हा संस्थान प्रतिनिधि राजभारती संरक्षक सदस्य एवं कैलाश कुमार तारक प्राचार्य पदेन सदस्य निर्वाचित हुए।

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का आधार नंबर बैंक से जोड़े

कांकेर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले ऐसे हितग्राही जिनके आधार नंबर सक्रिय नहीं हैं, उन्हें नजदीकी आधार केंद्र से संपर्क करके अपने आधार नंबर को सक्रिय कराने कहा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा है कि इसी तरह कुछ हितग्राहियों के आधार नंबर उनके बैंक खातों से लिंक नहीं हैं वह भी आवेदन में जिस बैंक खाते का उल्लेख किया है, उस बैंक खाते से भी शीघ्र ही लिंक करा लें ताकि योजना अंतर्गत निर्धारित राशि सुगमतापूर्वक उनके खाते में सीधे हस्तांतरित किया जा सके। ऐसे आवेदकों की सूची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास के पास उपलब्ध है। पात्र हितग्राही उनसे संपर्क करके अपने आधार नंबर की स्थिति एवं बैंक खातों से लिंकिंग की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर हो : मंडावी

■ **शून्यकाल में भानुप्रतापपुर विधायक ने उठाई मांग**

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। सोमवार को शून्यकाल के दौरान भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि के कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन की मांग उठाई।

स्कूल ज्ञान का मंदिर है और उस मंदिर से ज्ञान की अलौकिक प्रकाश बिखेरने वाले हमारे गुरुजन खासकर सहायक शिक्षक जो की लंबे समय से वेतन विसंगति को लेकर प्रयासरत हैं और कई बार आंदोलन, धरना प्रदर्शन व रैलियां आदि के माध्यम ज्ञापन सौंपकर कर इस विषय पर शासन को अवगत कराया। वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर कमेटी भी बनाई लेकिन समस्या आज भी जस के तस है।

राज्य सरकार ने 2013 में 8 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण तिथि से शिक्षक पंचायत/ नगरीय निकाय संवर्ग के कर्मचारियों को शासकीय शिक्षकों के समतुल्य वेतन पुनरीक्षण नियम 2009 की सूची में सहायक शिक्षक वर्ग 3 को वेतन बैंड एवं ग्रेड पे 5200-2000+2400 प्रदान करने का आदेश जारी किया था। परंतु वेतन निर्धारण करते समय प्रयुक्त नियमों का पालन नहीं किया गया। साथ ही स्थानीय निधि राज्य संपरीक्षा उपसंचालक से सत्यापित 8 वर्ष की पूर्ण तिथि में प्राप्त कर रहे विद्यमान मूल वेतन सहायक शिक्षक पंचायत एवं नगरी निकाय का 5150म

1.86=9580+2400=12380 तथा 10 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान का कुछ उच्चतर ग्रेड पे 4200 से वेतन गणना कर वेतन वृद्धि करते हुए 2013 में वेतन निर्धारण होना था जो नहीं हुआ। वेतन विसंगति की इस गंभीर समस्या को हल करने का एक उपाय हो सकता है कि पूर्व सेवा को जोड़कर एक ही पद में 10 वर्ष में प्रथम 20 वर्ष में द्वितीय तथा 30 वर्ष में तृतीय समय

मान वेतनमान में उच्चतर वेतनमान का वेतन बैंड एवं ग्रेड पे करने से वेतन विसंगति को दूर की जा सकती है। इस संबंध में विभागीय मंत्री जल्द ही कोई फैसला लें और वेतन विसंगति को दूर करें। साथ ही कांग्रेस की सरकार ने जो कर्मचारी के हित में पुरानी पेंशन बहाली की है उसे प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन की और अपनी निर्णायक कदम बढ़ाए।

बाइक से गिरकर एक मृत, दो घायल

जगदलपुर/नवप्रदेश। सुकमा जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र के मिसमा कैंप के पास रहने वाले वाहन चालक की सड़क हादसे में मौत हो गई, वहीं साथ बैठे दो युवक घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। मृतक का पोस्टमार्टम कारने के बाद शव शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सागर निवासी बबलू विश्वकर्मा पिता मंगतू विश्वकर्मा 40 वर्ष दोरनापाल के पास बने मिसमा कैंप के पास ड्राइवरी का काम करता था। रविवार सुबह अपना ट्रैक्टर लेकर फुलबगड़ी में काम करने के लिए गया हुआ था। वहां पर काम खत्म करने के बाद शाम को बाइक पर अपने दोस्त पप्पू व भूपेंद्र गिरी को बैठाकर वापस मिसमा कैंप लौट रहा था। तभी चिकपाल दुर्गा ढाबा के पास ये हादसा हुआ है।

इस हादसे में सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। जबकि बबलू को मेकाज भेजा गया। जहाँ अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। उसके शव का पीएम के बाद सोमवार को परिजनों को सौंप दिया गया।

राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान स्पर्धा का आयोजन

■ **'डाइट' दंतेवाड़ा ने पाया तृतीय स्थान**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के प्रांगण में विगत दिवस 24 फरवरी को एससीईआरटी छत्तीसगढ़ एवं स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के 36 छात्राध्यापकों और उनके मेंटर फैकल्टी ने भाग लिया। जिसके प्रथम चरण में डाइट स्तर पर दो वर्गों, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डाइट स्तर प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका भी मिला। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राध्यापकों के द्वारा ''डाइट'' रायपुर के अभ्यास शाला में प्रतियोगिता के अंतर्गत दिए गए विषय व टॉपिक के अनुसार शाला के सम्बंधित कक्षा के विद्यार्थियों के समक्ष तैयार किये गए टीचिंग प्लान का प्रदर्शन किय। प्रदर्शन के आधार पर अंक भी दिए गये, राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान के प्रथम श्रेणी में ''डाइट'' खैरागढ़ के छात्राध्यापक, द्वितीय श्रेणी में ''डाइट'' कांकेर एवं तृतीय श्रेणी में ''डाइट'' दंतेवाड़ा के कु. किसके राजे मेंटर संदीप सामंत ने स्थान प्राप्त किया।

उक्त कार्यक्रम में एससीईआरटी छत्तीसगढ़ की उपसंचालक श्रीमती पुष्पा किसपोट्टा, राज्य डी.एल.एड. प्रभारी एवं एन जी ओ नोडल डेकेश्वर वर्मा, शिक्षा प्रभारी हेमंत साव, एड इंडिया के हेड एंटोनी नेल्लिसेरी व अकादमिक लीड राजेश कुमार, मंदाकिनी एवं वैष्णवी, शैलेश सिंह, पी.एल.साहू. चंद्राकर, कुडू मिश्रा एवं समस्त अकादमिक सदस्य उपस्थित थे।

वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

■ **ज्यादातर लोग नौकरी के बाद ही वित्तीय प्रबंधन व बचत के बारे में सोचते हैं: डॉ. सुनील कुमेटी**

भानुप्रतापपुर/ नवप्रदेश। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिल्ली, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से 26 फरवरी से आदिवासी छात्र छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन की जानकारी प्रदान करने के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रमुख डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम महाविद्यालय में पहली बार हो रहा है! यह बहुत अच्छा अवसर है कि कार्यशाला में विभिन्न विद्वानों के द्वारा वित्तीय या बैंकिंग संबंधित जानकारी प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मुख्यअतिथि चेतन मरकाम, सरपंच ग्रामपंचायत कराठी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी को एक बढ़िया अवसर मिला है। इस अवसर का भरपूर लाभ उठाइए। उन्होंने अंत में कहा कि हम चाहते हैं कि आप यहाँ से पढ़ने के बाद एक बेहतर रोजगार हासिल करें और आगे बढ़ें। वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर बैंकिंग संबंधित धोखाधड़ी से सजग रहते हुए बचा जा सकता है।

विशेष अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रोफेसर डॉ सुनील कुमेटी ने बताया कि पूरे देश में वित्तीय साक्षरता की दर 27 प्रतिशत है तथा विद्यार्थियों का वित्तीय साक्षरता दर केवल 16 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में यह प्रतिशत मात्र 9-10 प्रतिशत है! उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग नौकरी, पेशा, व्यवसाय के बाद ही वित्तीय प्रबंधन व बचत के बारे में सोचते हैं। इस कार्यशाला से आप सीखेंगे कि बचत एवं विनियोग क्यों आवश्यक है? तथा स्वयं जानकारी प्राप्तकर एवं सीखकर अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने का प्रयास करें!

कार्यक्रम संयोजक रितेश कुमार नाग ने कहा कि यह कार्यशाला निश्चित ही हमारे विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित होगा। तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए भानुप्रतापपुर महाविद्यालय को चिन्हांकित करने के लिए डॉ सुनील कुमेटी का धन्यवाद करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया! कार्यक्रम सह-संयोजक टुपेश कोसमा ने आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष योगेश यादव ने किया।

मुठभेड़ में मारे गए तीन माओवादियों के शव बरामद

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार को कोयलीबेड़ा इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में जवानों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों का शव जवानों ने बरामद किया है. इस मुठभेड़ की पुष्टि एसपी कल्याण एलेसेला ने की है।

जानकारी के अनुसार, कांकेर के कोयलीबेड़ा इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में मौके से तीन माओवादियों का शव बरामद किया गया है। नक्सलियों के जमावड़े की सूचना पर सर्चिंग पर फोर्स निकली थी। इस दौरान मुठभेड़ हुआ।बताया जा रहा है कि रविवार सुबह 8 बजे थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुआ. मुठभेड़ के बाद नक्सल सामग्री सहित 3 नग भरमार बंदूक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त में कांकेर पुलिस जुटी हुई है। मारे गए नक्सली कंपनी नंबर 3 के सदस्य हैं। नक्सलियों की डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम से मुठभेड़ हुई थी।

संयुक्त कलेक्टर ने जन्म दिन पर स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। संयुक्त कलेक्टर हिमाचंल साहू ने सोमवार को अपने जन्म दिन के अवसर पर बुधपदर प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए न्योता भोजन का आयोजन रखा। इस भोज में खीर, पूड़ी, दाल, चावल, पनीर की सब्जी, पापड़, केक, रसगुल्ला, आदि परोसा गया। इस भोज कार्यक्रम से बच्चों के चेहरे में एक अलग ही खुशी झलक रही थी। संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ जन्मदिन की बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू ने बताया कि न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर 'सबका प्रयास' अवधारणा को साकार कर सकते है साथ ही उन्होंने अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा लेने की अपील की।

इसके अलावा स्कूल के विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाई करने व किसी भी विषय को समझ कर पढ़ाई करने को कहा ताकि अपने आप को आत्मनिर्भर बना सके।

लौह नगरी किरंदुल की शिवांगी वर्मा को मिला गोल्ड मेडल

किरंदुल/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल शिक्षा एवं संसदीय मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला थे। उपरोक्त दीक्षांत समारोह में डीएवी स्कूल किरंदुल के प्राचार्य पी. एल. वर्मा की सुपुत्री शिवांगी वर्मा को विश्वविद्यालय के संपूर्ण एम ए प्रभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री के हाथों गोल्ड मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिवांगी वर्मा के इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ पूरा किरंदुल नगर गौरवान्वित हुआ है। शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही शिवांगी वर्मा अपने विद्यालय तथा विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट भी रह चुकी है।

15 वर्ष से अधिक के निरक्षरों को बनाएंगे साक्षर

■ **उल्लास एप से होगा सर्वे, असाक्षरों का पंजीयन**

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एव अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड लोक शिक्षा समिति में निरक्षरों को साक्षर करने के लिए ग्राम पंचायत एवं वार्डवार प्रभारियों एवं सर्वे प्रभारियों की बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे ने लेकर शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य को समय सीमा पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रवर्तित भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप केन्द्र प्रायोजित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। इस योजना के पांच घटक हैं, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल और सतत शिक्षा हैं। इस योजना में 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षर लोगों को साक्षर किया जाना है। इस हेतु सभी चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत के चार वार्डों में प्रभारी एवं सर्वे प्रभारी नियुक्त किया जा चुका है। सभी सर्वे प्रभारी अपने अपने ग्राम में सर्वे कर असाक्षरों का सर्वे कर उसे उल्लास एप में प्रविष्टि करेंगे। सभी सर्वे प्रभारी अपना अपना एप चालू कर लें। सर्वे के बाद कक्षा का संचालन किया जावेगा। आगामी महापरीक्षा 17 मार्च को सभी असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलत कराया जावेगा।

20 ग्राम पंचायतों का चयन

20 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत करमोती,घोठा,बोगर, कुल्हाड़कट्टा, कन्हारगांव, भैंसाकन्हार क संबलपुर, टेढ़ईकोंदल, नारायणपुर, चवेला, मुल्ला, चौगेल, साल्हे, कच्चे, दाबकट्टा, बांसला, केंवटी, ईरागांव और परवी शामिल हैं।

इसी तरह नगरीय क्षेत्र में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 01भीमराव अंबेडकर वार्ड, 3 शंकरनगर वार्ड,8 शहीद भगत सिंह वार्ड और 12 शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में यह कार्यक्रम चलेगा। उल्लास पोर्टल में स्कूल आई डी, संकुल आई डी, ग्राम पंचायत आईडी एवं सर्वेयर का आई डी का निर्माण किया गया है। इसके लिए हर संकुल समन्वयकों को भी जिम्मेदारी दी गयी है। हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम पंचायत प्रभारी के साथ साथ दो दो सर्वेयर बनाये गये है। आज की बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश सोरी, साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर,आनंद बनकर के साथ साथ सभी ग्राम पंचायत प्रभारी, संकुल समन्वयक एवं सर्वे प्रभारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भारतीय रेलवे का कायाकल्प...

स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज, 1500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास इसकी परियोजनाएं भी इसमे शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपए की ये परियोजनाएं, एक साथ जमीन पर उतर रही हैं।

कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज विशेष रूप से अपने युवा साथियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। मोदी जब विकसित भारत की बात करता है, तो इसके सूत्रधार और सबसे बड़े लाभार्थी, देश के युवा ही हैं। आज की इन परियोजनाओं से देश के लाखों नौजवानों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

सदन में गरमाया कवर्धा ...

शरीर सड़ने की हालत में था और बदबू से उनकी मौत का पता चला, जिस पर खून लगा हुआ था। शव के हालात बता रहे थे कि वह क़त्ल भी हो सकता है।मैं इस बात की निंदा करता हूं, अध्यक्ष महोदय स्वयं गृहमंत्री के जिले में गृहमंत्री के क्षेत्र में हर हफ्ते में इस तरह तीन-चार बार हत्या हो रही है उसकी जांच होनी चाहिए। इससे पूरे प्रदेश में भय का माहौल बन रहा है। जब गृहमंत्री का क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो अन्य क्षेत्र कैसे सुरक्षित होगा।

कांग्रेस विधायक के वीडियो वायरल को लेकर चरण दास महंत ने कहा कि हम लोग उस विचारधारा से आते हैं। जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में सब भाई-भाई। उन्होंने आल्हालुईया कह दिया तो इसका मतलब वह ईसाई हो गई, ऐसा नहीं है।

हम सब लोग अपनी विचारधारा से, अपने महात्मा गांधी की विचारधारा से बाबासाहेब अंबेडकर की विचारधारा से प्रेरित लोग हैं, इनसे हमें कोई बिगाड़ नहीं सकता, कोई हिला नहीं सकता। हम सब धर्म को समान रूप से मांगते हैं समान रूप से उनकी सेवा करेंगे।

मंत्री ने प्रश्न एवं ...

जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2019 से 30 सितंबर 2023 तक विभिन्न योजना अंतर्गत गोठान समिति को 45.69 लाख क्विंटल पैरादान मिला। पैरा का परिवहन स्थानीय दर पर ट्रैक्टर और अन्य उपलब्ध वाहन से किया गया। परिवहन का दर दूरी के आधार पर तय किया गया। मंत्री ने ये भी बताया कि परिवहन का भुगतान गोधन न्याय योजना मूलभूत 14वें और 15वें वित्त आयोग के मदद से किया गया है।

14वें वित्त आयोग की राशि गौठान को नहीं दी जा सकती

चंद्राकर ने पूछा- 14वें वित्त आयोग से क्या पैरे का परिवहन हो सकता है? मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब में कहा कि पैरा दान से मिला था, परिवहन के लिए राशि खर्च करने का प्रावधान है। गौठान समितियों को 53 करोड़ से अधिक की राशि दी गई, इससे समितियों ने खर्च किया। इसके बाद अजय चंद्राकर ने कहा- 14वें वित्त आयोग की राशि गौठान को नहीं दी जा सकती, फिर किस आधार पर वित आयोग का पैसा दिया गया। 53 करोड़ की राशि किस मद में खर्च की गई है।

जांच के ऐलान के बाद भी चंद्राकर असंतुष्ट रहे

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- 14वें और 15वें वित्त आयोग से राशि दी गई और ये राशि सभी जिलों में सभी गौठानों को दी गई है। अजय चंद्राकर ने कहा- वित्त आयोग की राशि से परिवहन नहीं किया जा सकता है। इसका उपयोग पंचायतों के रख-रखाव के लिए किया जाना है। गोधन न्याय योजना के मद से 53 करोड़ की राशि गौठानों को दी गई है। विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले में जांच की मांग की। जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों की कमेटी से जांच कराने की घोषणा की। लेकिन, इस ऐलान से अजय चंद्राकर असंतुष्ट दिखे।

6 आईएएस का तबादला...

मुताबिक सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर कुमार लाल चौहान को बलौदाबाजार-भाटापारा का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं आईएएस धर्मेश साहू को सारंगगढ़-बिलाईगढ़ का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के 49 अधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं।

ये है अधिकारियों की ...

विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, प्रियंका ऋषि महोबिया (भाप्रसे) कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को संचालक, पंचायत, लीना कमलेश मंडावी (भाप्रसे) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा को कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और प्रतीक जैन (भाप्रसे) अपर आयुक्त (जीएसटी) को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

कांग्रेस का अग्निवीर योजना ...

इस योजना को तत्काल खत्म किया जाना चाहिए।

खडगे ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा, आप भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और आपकी जानकारी में लाना यह अत्यंत आवश्यक है कि सेना में भर्ती के इच्छुक करीब दो लाख युवाओं का भविष्य सरकार की अग्निवीर योजना के कारण चौपट हो गया है।

उन्होंने कहा मुझे बताया गया कि 2019 और 2022 के बीच करीब दो लाख युवाओं को लम्बी भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया के बाद सेना, नौसेना और वायु सेना के लिए चुना गया और उन्हें ज्वाइनिंग लेटर का इंतजार था लेकिन इसी बीच सरकार ने इस भर्ती को समाप्त कर अग्निपथ योजना लागू करने का निर्णय लिया जिससे इन बच्चों का सपना चकनाचूर हो गया।

सांसद संजय सिंह की ...

संबंधित पक्षों की ओर से अनावश्यक स्थगन की मांग नहीं की जाएगी। निचली अदालत ने 22 दिसंबर 2023 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 4 अक्टूबर को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। वह 13 अक्टूबर 2023 से न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने उत्पाद शुल्क नीति (जो बाद में रद्द कर दी गई थी।) तैयार करने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ज्ञानवापी के तहखाने में ...

रूप में नियुक्त करने के साथ व्यासजी तहखाने में पूजा की अनुमति देने वाले 31 जनवरी के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला।

ये है हिंदू पक्ष का दावा

साल 1993 में यहां पूजा-पाठ बंद कराने की बात को भी मुसलमान पक्ष सही नहीं मानता और न ही वहां किसी मूर्ति के होने की बात को सही मानता है. दरअसल, हिंदू पक्ष का दावा है कि ज्ञानवापी परिसर के नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है, जहां करीब 2,000 साल पहले काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण हुआ था. हिंदू पक्ष का यह भी दावा है कि साल 1664 में औरंगजेब ने इस मंदिर को तुड़वा दिया था और उसी जगह पर ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण हुआ था.

देश की सुरक्षा के लिए ...

और इस बात से हम भलीभांति अवगत हैं। भविष्य के लिए तैयार रहना हमारी योजना में यह महत्वपूर्ण पहलू है।''सेना प्रमुख ने फर्स्टपोस्ट रक्षा शिखर सम्मेलन में कहा कि कोविड -19 वैश्विक महामारी और दुनिया भर में चल रहे संघर्षों ने जरूरी सैन्य उपकरणों के लिए बाहरी निर्भरता के प्रभाव को दर्शाया है। उन्होंने कहा, ''जमीनी लड़ाई में प्रौद्योगिकी एक नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर रही है।

वैश्विक महामारी के दौरान महत्वपूर्ण उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता और सप्लाई चैन में बाधाएं आईं और इसका असर भी दिखा। दुनिया भर में चल रहे संघर्षों से हमने यह सबक भी सीखा।'' '

ट्रैक्टर ट्राली और ...

(25), चाईं मुसहर (20), वीरपालपुर निवासी अतुल सरोज (30), बथुवावर निवासी गोविंदा बिंद (30) की मौत हो गयी। इस घटना में एक गंभीर का इलाज इलाज चिकित्सालय में चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर परमानंद कुशवाहा सहित थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंच गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ÷प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना÷ की शुरुआत की गई है। योजना के तहत् प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके तहत घरों की छत पर ऑनग्रिड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की जाएगी। क्रेडा विभाग के अधिकारी रविकांत भारद्वाज ने बताया कि इससे प्रतिमाह 300 यूनिट तक की बिजली की बचत, 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी, सस्ते ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना से जुड़ने की प्रक्रिया बेहद सरल है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को औसत मासिक विद्युत की खपत (यूनिट) 0-150, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 1-2 किलोवाट, अनुदान 30 हजार से 60 हजार रुपए, औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट) 150-300, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 2-3 कि.वॉ., अनुदान 60 हजार से 78 हजार रुपए एवं औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट) 300 से अधिक, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता 3 कि.वॉ., अनुदान 78 हजार रुपए है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय क्रेड़ा विभाग कार्यालय के फोन नंबर 07856 299214 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

दृष्टिबाधित से मारपीट, विधायक रिकेश सेन ने एसपी से की चर्चा

भिलाईनगर। जिले के भिलाई क्षेत्र में 80 फीसदी दृष्टि बाधित जो कि वेटर का काम करता है, को बीती रात एक सिपाही ने जमकर पीटा है। इस घटना की सूचना मिलते ही वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने तत्काल एसपी दुर्ग से चर्चा कर इस गैरजिम्मेदाराना कृत्य को अंजाम देने वाले सिपाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि सिपाही नशे में था और उसने अकारण युवक का रास्ता रोक धौंस जमाते हुए उससे मारपीट की है। अपनी सेवा सर्विस के विपरीत जाकर व्यवहार करने वाले ऐसे सिपाही पर तत्काल कार्रवाई होगी। जानकारी मिली है कि सिपाही का नाम नवनीत है।

सीए राहुल बने भिलाई सीए ब्रांच के नए चेयरमेन

भिलाईनगर। सीए ब्रांच की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज सीए भवन सिविक सेंटर में हुआ। जिसमें सीए राहुल बत्रा ने ब्रांच के नए चेयरमेन पद की शपथ ली। उनके साथ ही सीए सूरज सोनी ने उपाध्यक्ष, सीए अंकेश सिन्हा सेक्रेटरी, सीए शिवम चौधरी कोषाध्यक्ष, सीए पायल जैन सिकासा चेयरमेन और सीए प्रदीप पाल ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान चेयरमेन सीए पायल जैन ने नए चेयरमेन सीए राहुल बत्रा को कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर भिलाई सीए ब्रांच के प्रथम अध्यक्ष जेएल जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पीएम आज रेलवे अधोसंरचना को देंगे करोड़ों की सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 550 अमृत भारत स्टेशन के शिलान्यास के साथ-साथ रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दिन प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश की जनता से जुड़ेंगे। जिले के रेल इतिहास का ये सबसे खास दिन साबित होगा जब दुर्ग जिले में 10 से अधिक विकास कार्यों की सौगात रेलवे क्षेत्र को मिलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने वाले शिलान्यास और लोकार्पणों का स्थानीय स्तर पर एलईडी के माध्यम से अलग-अलग स्थान में वर्चुअल कार्यक्रम होगा, जिसमें जनता और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। स्थानीय स्तर पर प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:20 बजे जुड़कर लोकार्पण शिलान्यास के साथ अपना उदबोधन देंगे। दुर्ग जिले में अलग-अलग स्थान पर वर्चुअल माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रेलवे के अधिकारियों से समन्वय हेतु जिला महामंत्री सुरेंद्र

कौशिक और जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये को प्रभार दिया गया है। उन्होने बताया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज के लिए कार्यक्रम होगा। उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी, जिसका कार्यक्रम भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में ही संपन्न होगा। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई-3 में अंडरब्रिज लोकार्पण और डी केबिन बीएमआई चरोदा के अंडरब्रिज की सुविधा जनता को मिलेगी। जिसका पृथक पृथक कार्यक्रम दोनों स्थान पर होगा। पाटन विधानसभा अंतर्गत कुम्हारी रेलवे क्रॉसिंग पर भी अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रसमडा स्टेशन के पास अंडरब्रिज और दल्लीराजहरा रूट पर रिसामा के पास अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी, दोनों स्थानों पर पृथक पृथक कार्यक्रम होगा। दल्लीराजहरा रूट पर ही कचांदुर ग्राम परसदा के पास अंडरब्रिज की सुविधा ग्रामवासियों को मिल सकेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश भर में चहूंओर विकास की गंगा बह रही है। सड़क, रेलवे, उद्योग, विद्युत, सौर ऊर्जा सहित अनेक अनेक क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मोदी की गारंटी देश में आज सबसे बड़ी गारंटी है।

हाई स्कूल व हायर सेकण्डरी की परीक्षा एक मार्च से

■ **प्रथम दिन 79 केन्द्रों एवं द्वितीय दिवस 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया गया**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हो रही है। उक्त परीक्षा की सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 24 एवं 25 फरवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुउमावि में किया गया। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए मुख्य परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य उपस्थित थे। इसी तरह द्वितीय दिवस रविवार 25 फरवरी 2024 को शासकीय/अशासकीय

उच्चतर माध्यमिक शाला रुट क्र-7 में सेजस जे.आर.डी.उ.मा.शा. दुर्ग, आदर्श कन्या दुर्ग, तिलक कन्या दुर्ग, महात्मा गांधी, महावीर जैन, बोरसी सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह, दाउ रु प्रसाद दुर्ग, तकियापारा, धनोरा नया केन्द्र, रुट क्र-8 में तुलाराम आर्य कन्या, खालसा पब्लिक दुर्ग, सनसाईन, एल. एन. किल्ला दुर्ग, डी.ए.वी. दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग. सेजस दीपक नगर, रुट क्र-9 इंदिरा गांधी रामनगर, कन्या वैशाली नगर, कोहका, कोसानगर, बालक सुपेला, कन्या सुपेला प्रयास श्रवण विकलांग संस्था सुपेला, मुक्तिधाम मिलाई, हाऊसिंग बोर्ड, जामुल, ढौर, कुरूद, सुरडुंग, नारधा, सरस्वती बिहार अंग्रेजी मा हाउसिंग बोर्ड, ज्अहेरी, रुट क्र-10 बी.एस.पी सेक्टर 02, सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 04, शा.उ.मा.शा. सेक्टर 09, शास. हाई स्कूल सेक्टर 07 मिलाई, विवेकानंद सेक्टर 02, रुआबांधा, महर्षि दया. सेक्टर 06, रुट क्रमांक 11 शासकीय केम्प 1 मिलाई, छावनी, शासकीय जोन 2 सेक्टर 11, खुर्सीपार निर्मला रानी खुर्सीपार, पंज.ला.ने. न्यू. खुर्सीपार, बीएसपी कन्या उ.मा.वि. खुर्सीपार, रुट क्रमांक 12 कन्या भिलाई 03, पुरैना, चरोदा, जरवाय, सोमनी, औंधी, ज्योति चरीदा, देवबलोदा, जंजगीरी, उरला बी.एम.वाय. कुल 56 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया किया। इस वर्ष जिले में कुल 135 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40 दिवसीय कार्यक्रम शिव पिता मेरे लिए है आया के अंतर्गत आज ब्रह्मा वत्स सेक्टर 5 स्थित भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में प्रातः 6 से 7 बजे तक संगठित रूप में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ब्रह्मा वत्सो ने सेक्टर 5 में सम्पूर्ण मौन में रहकर विश्व शांति के लिए प्रभात फेरी निकाली। अंतर्दिशा भवन परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की भव्य अलौकिक झांकी निमार्ण का श्रीफल फोड़कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भूमिपूजन किया।

विद्यासागर जी जैसे संत से ही पूरी दुनिया सुरक्षित : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज ने 18 फरवरी 2024 ने सल्लेखना विधि द्वारा समाधि ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह का त्याग किया। आज सकल जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज का विनयांजलि कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शामिल हुए। वोरा ने आचार्य विद्यासागर को याद करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज भारत के अमूल्य पूंजी है, कार्यक्रम में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर उज्वल पाटनी ने विद्यासागर महाराज के मूर्ति को शहर में स्थापित करने की बात कही एवं उन्होंने विद्यासागर महाराज को भारतरत्न से सम्मानित किए जाने की बात कही। जिसपर श्री वोरा ने कहा कि आचार्य विद्यासागर को न केवल भारत रत्न अपितु विश्व रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। विद्यासागर

महाराज विश्व के गुरु थे। अरुण वोरा ने उज्वल पाटनी के बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि महान संत महराज की प्रतिमा दुर्ग शहर में अवश्य लगनी चाहिए. वे केंद्र एवं राज्य सरकार को इस विषय पर पत्र भी लिखेंगे. वोरा ने कहा कि विद्यासगर महाराज द्वारा हुआ था दुर्ग में एकता द्वारा का लोकार्पण। विद्यासागर जी महाराज के दुर्ग प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा के आग्रह पर दुर्ग के जेल चौक के समीप एकता द्वारा का निर्माण हुआ। जिसका लोकार्पण आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वारा किया गया था।

भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल की बैठक कल

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर की बैठक बुधवार 28 फरवरी को सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रखी गई है। यह जानकारी भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र पांडे ने दी।

उन्होंने बताया कि बैठक में प्रमुख रुप से लोकसभा संयोजक लाभार्थी सम्मेलन प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोषाध्यक्ष छात्र प्रताप दुग्गा उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा महामंत्री बृजेश सिंह चौहान भाजपा मंडल प्रभारी भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र भाउ भाजपा मंडल भानु प्रतापपुर अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान की अध्यक्षता में बैठक होगी। लाभार्थी संपर्क अभियान के मंडल संयोजक अभय पाण्डे लाभार्थी सम्मेलन के मंडल सहसंयोजक जुगल किशोर शर्मा आदि उपस्थिति रहेंगे।

महिलाओं ने विधायक को बताई समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

मन की बात सुनने पहुँचे विधायक गजेंद्र ने नागरिकों से किये सीधे संवाद

दुर्ग। शांतिनगर के निवासियों ने विधायक गजेंद्र यादव से संवाद कर वार्ड 17 में मुलभुत समस्या को बताया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने पहुँचे विधायक से माइक में महिलाओ युवतियाँ ने बात की। किसी ने नाली व सफाई नहीं होने की जानकारी दी तो युवाओ ने सुविधायुक्त खेल मैदान मांगा। वार्ड 17 शांतिनगर में विधायक यादव जनता से रूबरू हुए। जिसमें नागरिकों से सीधे विधायक ने बात करके उनकी समस्याओं को जाना। महिला सशक्तिकरण को लेकर पीएम मोदी के मन की बात सुनने के

बाद बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओ ने अपने विधायक से बात किए। पहली बार हाथ में माइक थाम कर महिलाएं घबराहट महसूस कर रही थी लेकिन विधायक गजेंद्र ने उनका हौसला बढ़ाते हुए उनसे वार्ड की समस्या को लेकर बात किया। वार्ड 17 की निवासी सुंदर बाई सांकरे, लालेश्वरि साहू, लक्ष्मी यादव, रामबाई ने अपने निवास के पट्टे की समस्या की जानकारी दी जिस पर विधायक ने शीघ्र प्रशासनिक अधिकारियो से चर्चा करने का आश्वासन दिए। युवतियाँ ने बताया की रात के समय कुछ युवक वार्ड में नशाखोरी करते है विधायक ने मौके पर उपस्थित पुलिस बल के जवान को नशाखोरी करने वालो को चिन्हित कर दण्डित करने का निर्देश दिए। इसी प्रकार नोहर सिंह व रामकुमार ने भी विधायक से चर्चा किये। विधायक गजेंद्र ने वार्ड के तालाब व नाली की सफाई, आवारा मवेशी, भवन बनाने जैसे सभी मूलभूत समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने का वादा किया।

संकल्प यात्रा शिविर आज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार व योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने और हितग्राहियों में जागरूकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 3.0 का सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। 26 फरवरी प्रातः 8 से 12 तक शिविर वार्ड क्रमांक 1 ढीमर समाज सामुदायिक भवन नया पारा और वार्ड क्रमांक 8 दोपहर 2 से 6 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला सराय के पास, 27 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 शनिचरी बाजार पुराना स्वास्थ्य विभाग और 2 से 6 बजे तक शासकीय पू.मा. शाला केलाबाड़ी में, 28 फरवरी को वार्ड क्रमांक 52 शीतला चौक हनोदा रोड बोरसी में दोपहर 2 से 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम रोड गया नगर में लगाया जाएगा। 29 फरवरी को वार्ड क्रमांक 20 कुशाभाऊ ठाकरे भवन में 2 से 6 बजे तक, वार्ड क्रमांक 49 साई सुपर मार्केट विद्युत नगर में शिविर लगाया जाएगा। सभी शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना व महतारी वंदन योजना के स्टाल लगाए जाएंगे।विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन बैगापारा स्टेडियम में 26 फरवरी को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

भाजपा जो कहती है वह करती है : चंद्राकर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदखुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम विधायक ललित चंद्राकर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ग्रामीण सहित देश के केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और इस संवाद को एलईडी के माध्यम से श्रवण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव, देवेंद्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत, शैलेंद्र भगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य, जमित गायकवाड उपाध्यक्ष जनपद

पंचायत, दीपिका चंद्राकर जनपद सदस्य, जिला महामंत्री भाजपा दुर्ग एवं कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र कौशिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैंडे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच हेमलता सुरेश देशमुख आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात लाभार्थियों को गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड का नवीनीकरण कर वितरण किया गया। इस दौरान विधायक चंद्राकर ने कहा कि भाजपा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना अंत्योदय जिसे पूर्ण करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी प्रतिबद्ध है विभिन्न जनहितकारी योजना माध्यम से समाज के हर वर्ग का उत्थान किया जा रहा है। आज हमारा देश इन योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भी बन रही है। महिला स्वा सहायता की समूह की बहने रेडी टू ईट के कार्य से लेकर बहुत सी ऐसे काम जो उनको रोजगार उपलब्ध करा रही है और अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। अगर हम देखें किसी समय में एक गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं कर पता था लेकिन आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा रहा है और अपना जीवन बचा रहा है। उज्जवला गैस योजना पीएम आवास योजना सौर सुजला योजना ऐसे कई योजनाएं हैं जिससे हर वर्ग लाभवंतित है।

नेहा बनी संभाग संगठन सचिव

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंग साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू व प्रदेश संयोजक (आई टी प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू के अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई टी प्रकोष्ठ) दुर्ग सभांग के पदाधिकारियो को नियुक्ति किया गया। उन्होंने कहा पदाधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाओ के साथ अपेक्षा करते है कि अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे। जिसमे दुर्ग निवासी श्रीमती नेहा साहू को मिली छग प्रदेश साहू संघ दुर्ग सँभाग के संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी, उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ दुर्ग संभाग के संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। जिसमे साहू समाज के सभी पदाधिकारी और समाज के लोगो तथा सभी स्नेही मित्रों जान पहचान के लोगों ने उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओ भरी बधाईयां देते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करने की उम्मीद जाहिर की साथ ही बेहतर नेतृत्व करते हुए सर्वे समाज के हित की बात कही।

गुम सूचना

मैं श्रीमती सिम्मी दत्ता, पति श्री सोमेश दत्ता निवासी बचेली जिला दंतेवाड़ा, यह सूचना दे रही हूं की मेरा स्थानंतरण प्रमाण पत्र (कक्षा 12वी के उपरांत) बचेली में कहीं गुम हो गया, जिस किसी सज्जन व्यक्ति को अगर मिलता है तो कृपा करके दिए गए फ़ोन नं. पर संपर्क करें, मोबाइल नं. 9406005311.

छात्र-छात्रों को भूगोल विभाग ने करवाया उत्तराखंड का भ्रमण

■ **पीएम उषा मद से 14 से 22 फरवरी तक 5 ग्रुप में बांटकर उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों देहरादून, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, ऋषिकेश का भ्रमण करवाया गया**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थीयो को भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल मिश्रा के निर्देशन पर 5 ग्रुप में बाटकर उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों देहरादून, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, ऋषिकेश आदि स्थानों का पीएम उषा मद से 14 से 22 फरवरी

2024 तक भ्रमण करवाया गया। जिसमे विद्यार्थियो को हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही कुटीर उद्योगों जिसमें पशुपालन से प्राप्त दूध से मक्खन ,घी इत्यादि सामग्री बनाना। गोबर से अगरबत्ती एवं साबुन, हथकरघा से कपड़ा बुनाई, खराब कागजों से नई कागज बनाना, विभिन्न प्रकार के आचार, वेस्ट मटेरियल से थैला बैग इत्यादि विभिन्न प्रकार की छोटे छोटे उद्योगों से विद्यार्थी रूबरू हुए। इसके अलावा वहां चल रही विभिन्न देशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान करने वाली बाल्टीक सेंटर का भी भ्रमण किया। हरिद्वार में गंगा नदी और उसके धार्मिक महत्व का वहां के व्यवसाय एवं पर्यटन उद्योग पर पडने वाले प्रभावों का अध्ययन छात्रों के द्वारा किया गया । गंगा नदी के द्वारा निक्षेपित जलोढ़ मृदा का वहां की फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी छात्रों ने किया। छात्रों ने शांतिकुंज के बारे में जाना। देहरादून और मसूरी में छात्रों ने वहां की पहाड़ों की जलवायु और वनों के प्रकारों का अध्ययन किया और वनों को सुरक्षित रखने के महत्व को समझा। समुद्र तल से 1364 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केम्प्टी जलप्रपात एवम सहस्त्रधारा का भौगोलिक अध्ययन किया। छात्रों ने धनोल्टी में लगभग 2750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सुरकंडा मौसम केंद्र का भी भ्रमण किया और 2750 मीटर की ऊंचाई पर हिम वर्षा और वहां पर हिम आच्छादित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। ऋषिकेश में विद्यार्थियों ने सीढ़ीनुमा कृषि पद्धति को बहुत करीब से देखा और सीढ़ीनुमा कृषि में फसल चक्र का भी अध्ययन किया। वहां के निवासियों को रोजगार देने में गंगा नदी के महत्व को समझा। इस भौगोलिक भ्रमण में महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक प्रशांत दुबे एवं सहायक प्रध्यापक डॉ. ओमकुमारी वर्मा के साथ 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एम एन सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को सफलता पूर्वक भौगोलिक भ्रमण के लिए बधाई दिया।

वैशालीनगर में 98 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा के 4 कार्यो के लिए 97 लाख 98 हजार 278 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त निगम भिलाई द्वारा की जाएगी। वैशालीनगर के सार्वजनिक उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 24.49 लाख, सार्वजनिक भवन एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 24.49 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073566, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

NOTICE FOR INVITING OBJECTIONS/SUGGESTION AND PUBLIC HEARING ON DRAFT REGULATIONS

In exercise of the powers conferred under Section 181 read with 86(i)(c) of the Electricity Act, 2003, the Commission is in process of framing a Regulation namely Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Intra-State Deviation Settlement Mechanism and Related Matters) Regulations 2024. For this purpose, the Commission has floated Draft Regulations for inviting objections/suggestions and conducted a public hearing. Based on the objections/suggestions, the Commission has framed second draft regulations and same is uploaded on the Commission's website- www.cserc.gov.in. Objections/suggestions are invited from stakeholders, by 20/03/2024. A public hearing on the above draft regulations will be held on 22/03/2024 at 11:30 a.m. in the Commission's court room. S.-39812/2 SECRETARY

न्यूज गैलरी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष की बेटी भाजपा का थामा दामन

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज राजधानी रायपुर में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रीता पाण्डेय की बेटी रजनी चौबे उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष भाजपा मे शामिल हुई हैं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व मे अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। आज बेमेतरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रीता पाण्डेय की बेटी रजनी चौबे भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। भाजपा प्रवेश के बाद मीडिया से बात करते हूए रजनी चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बार लोकसभा में पूरे 11 सीटों पर भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प कर चुकी हैं।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

महोत्सव में छग की संस्कृति व परपंरा का समावेश : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आर्शीवाद नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत की। मोखला महोत्सव को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने में कामयाब होते हैं। आज के समय में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है। साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है, जो बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों को हम सभी को मिल जुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए।

युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 6 गिरफ्तार

- युवक को पैसे के लिए करते थे ब्लैकमेलिंग
- मानसिक तनाव में आकर युवक ने जहर खाकर कर ली थी आत्महत्या
- खेत में मिला था शव, मोबाइल से खुला था राज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत एक 26 वर्षीय युवक दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपने घर से बिना बताये सायकल लेकर कहीं चला गया था। आसपास पता न चलने पर प्रार्थी पिता के द्वारा 9 फरवरी 2024 को थाना घुमका में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया। गुमशुदा की पतासाजी के दौरान 12 फरवरी 2024 को गुमशुदा युवक का शव ग्राम गोपालपुर खेत में होने की सूचना मिलने पर थाना घुमका पुलिस, क्षेत्रीय फोरेंसिक टीम दुर्ग के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल व शव निरीक्षण किया गया। साथ ही गुमशुदा युवक मृत हालत में बरामद होने पर थाना घुमका में मर्ग क्रमांक 05/24 धारा-174 द.प्र.संहिता के तहत कायम कर जांच कार्यवाही किया गया। जांच के दौरान मृतक के पीएम रिपोर्ट, मृतक युवक के मोबाईल नंबर, मृतक के द्वारा अंतिम बार बैंक खाता में किये गये पैसे ट्रांसफर एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अनुसार मृतक युवक को दो मोबाईल नंबरों के अज्ञात धारकों द्वारा एक राय होकर ब्लैकमेल कर फोन-पे के माध्यम से 2,000 रूपये ट्रांसफर करवाने के बावजूद लगातार मृतक को धमकी देकर भयभीत कर आत्महत्या हेतु उकसाने पर मृतक भय की वजह से दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपने घर से बिना बताये निकलकर जहर सेवन कर आत्महत्या करना पाये जाने पर 15 फरवरी 2024 को उक्त मोबाईल नंबरों एवं खाता धारक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024, धारा-306, 384, 34 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण गंभीर प्रकृति के होने से प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अतिरिक्त राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी थाना घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका व सायबर सेल राजनांदगांव से संयुक्त टीम गठित कर अविलंब आरोपी पतासाजी हेतु आरोपीयों के संभावित लोकेशन के आधार पर हरियाणा, राजस्थान व मध्यप्रदेश के लिए दिनांक 16 फरवरी 2024 को रवाना हुए थे, जो कि आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खाता के डिटेल के आधार पर मजदूरों के नाम पर फर्जी खाता खुलवाकर सेक्सटार्शन, ब्लैकमेल एवं अन्य ऑनलाईन ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी विक्की तनवर, अनीश खान, इरशाद खान को राजस्थान, हरियाणा के मध्य सीमा भिवाडी से 21 फरवरी 2024 एवं विवेक निर्मश को उत्तर प्रदेश-राजस्थान सीमा के मध्य ग्राम पहाडीकला से 24 फरवरी 2024 को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 2 गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा, उम्र 53 साल, स्थायी पता 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर (मध्यप्रदेश) का दिनांक 4 फरवरी 2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का नंबर 19, तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19 जनवरी 2024 को हल्का पटवारी द्वारा फोन कर जानकारी लिया गया कि आप किसी को पावर ऑफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो, आपकी जमीन बिक चुकी है, तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट, ग्राम रजोली, जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता द्वारा उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जांच पर धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली, राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु रवाना कर मुखबीर की सूचना पर दुर्ग से आरोपी नावेद अली पिता नरेश सिंह, उम्र 32 साल, साकिन वार्ड नंबर 41, केलाबाडी मस्जिद के पीछे दुर्ग, थाना-पदनाभपुर, जिला दुर्ग एवं श्रवण कुमार साहू पिता स्व. जोहत राम साहू, उम्र 39 साल, साकिन सिकोसा, ग्रामीण बैंक के सामने, थाना गुंडरदेही, जिला बालोद को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर 24 फरवरी 2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायायल पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल, राजनांदगांव में दाखिल किया गया है। अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहूए, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ, आरक्षक अविनाश झा, रंजीत चैरसिया, कुश बघेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

ईमानदार ट्रैफिक कांस्टेबल ने सड़क पर मिले जेवर से भरे पर्स को पुलिस को सौंपा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में एक ट्रैफिक जवान ने ड्यूटी के दौरान ईमानदारी का परिचय दिया है. उन्होंने सड़क पर पड़े जेवर से भरे पर्स को अपने पास सुरक्षित रखा. आसपास पता किया कि वह पर्स किसका है, लेकिन पर्स के मालिक का पता नहीं चला. इसके बाद आरक्षक ने पर्स को धमतरी सिटी कोतवाली थाना पहुंच दिया.

आरक्षक ने पर्स को पुलिस को सौंपा- दरअसल, ट्रैफिक जवान तरुण कुमार साहू ने बताया कि वह अंबेडकर चौक पर ड्यूटी कर रहा था. तभी उसकी नजर सड़क पर पड़ी पर्स पर पड़ी. उसने तुरंत उस पर्स को उठाया और आसपास पता लगाया, लेकिन उस पर्स के बारे में जानकारी नहीं मिली. उसने उसे पर्स को खोलकर देखा तो उसमें सोने-चांदी के जेवर रखे हुए थे. उसने तत्काल बाइक उठाया और धमतरी सिटी कोतवाली थाना पहुंचा. उस पर्स को आरक्षक ने पुलिस को सौंप दिया.

आरक्षक तरुण कुमार साहू द्वारा पर्स लाकर सौंपा गया है. जिस किसी का भी यह पर्स होगा, वह थाना आकर ले जा सकता है. - संतोषी नेताम, एएसआई, थाना सिटी कोतवाली

सोने-चांदी के जेवर से भरा था पर्स- पुलिस ने जब पर्स खोलकर देखा तो उसमें चांदी के पायजेब, चांदी के करधन और सोने का मंगलसूत्र और सोने जैसे दिखने वाली हार मौजूद थी. पर्स में छोटे-छोटे सोने चांदी के गहने भी थे. आरक्षक तरुण कुमार साहू ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को सही सलामत थाना लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया. आरक्षक के इस ईमानदारी की सभी सराहना कर रहे हैं.

पुलिस आरक्षक की हत्या के मामले में दसवां पशु तस्कर गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 9 फरवरी 2024 के रात्रि 2.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जान-बुझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये, जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भादंवि की धारा 307, 302, 34, 120 बी, छग पशु परि. अधि. धारा 4, 6, 10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना दौरान अलग अलग स्थान से पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आरोपी यादोराम पाल साकिन चिचोला को गिरफ्तार किया गया। मामले में घटना दिनांक को गिरफ्तार आरोपी यादोराम पाल, मनीष अंबादे डोंगरगढ़ निवासी के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पशु तस्करों के लिए पशुओं से लोड पिकअप को बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था।

चाकू और राड से प्राण घातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी निलेश महोबे पिता नकुल महोबे, उम्र करीबन 27 साल, निवासी रामनगर, शंकरपुर वार्ड नंबर-7, राजनांदगांव का 24 फरवरी 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकाले थे। रैली के बाद दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे ममता नगर के पास करण जगने हाथ में डंडा लेकर जमीन में पटक-पटक कर नाच रहा था, जिसे इसका भाई महेश महोबे जो रविदास समाज का अध्यक्ष है, ने किसी को लग जायेगा, डंडा पकड़कर नाचने से मना किया, फिर भी नहीं माना। पास खड़े शैलेष टांडेकर के सिर में चोट लग गया। करण जगने विवाद कर देख लेने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद अपने भाई अजय जगने को साथ आकर महेश महोबे को जान से मारने की योजना बनाकर अपने पास रखे चाकू से महेश महोबे के कमर के पास पेट में चाकू से एवं अजय जगने उसके सिर में राड़ से वार कर प्राण घातक हमला किया, जिससे महेश महोबे के पेट में चोट लग गया, तब तत्काल महेश महोबे एवं घायल शैलेष टांडेकर को मेडिकल कालेज अस्पताल पेंड्री, राजनांदगांव मे भर्ती कराना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 129/24 धारा 307, 34 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना से तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना कर आरोपी करण जगने पिता बंटू जगने, उम्र 23 साल, साकिन रामनगर वार्ड नंबर-7, मोची बस्ती, शंकरपुर, ओपी चिखली को पकड़कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर अपराध स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। प्रकरण मे एक आरोपी अस्पताल मे भर्ती है, जो अस्पताल से छुट्टी होने पर पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। प्रकरण के दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अपराध क्रमांक 258/2019 धारा 294, 323, 341, 34 भादंवि एवं अपराध क्रमांक 444/23 धारा 294, 323, 506 भादंवि कायम कर चालान पेश किया गया है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पाण्डेय ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से रवाना किया। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के लगभग 670 श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को आस्था स्पेशल ट्रेन से प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। इस ट्रेन में श्रद्धालु के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था है। आस्था स्पेशल ट्रेन में भोजन, स्वल्पाहार, चिकित्सा, सुरक्षा एवं सर्वसुविधायुक्त है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अतिथियों के लिए बहुत ही शानदार सत्कार करने का कार्यक्रम बनाया है। प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए पूरे देश के सभी प्रांतों से इसी प्रकार अयोध्या ट्रेन पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन गई। श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा प्लेटफार्म जय श्रीराम, जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर रामलला के दर्शन की आतुरता व खुशी साफ झलक रही थी। अयोध्या धाम जाने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के आंखों में भी रामलला के दर्शन के लिए अलग ही उत्साह देखने को मिला। स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों ने एक ही स्वर में कहा कि वह बेहद खुश है।

थाना और चौकी प्रभारियों ने मेडिकल स्टोर संचालकों की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले में अवैध नशे के प्रभावी कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है, अवैध शराब, गांजा या अवैध नशीली पदार्थो के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने निर्देश दिए गए है। जिसके तहत थाना दाढी प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव, चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि उदल तांडेकर, ड्रग निरीक्षक धनीराम पटेल के द्वारा थाना दाढी, चौकी देवरबीजा एवं खण्डसरा क्षेत्र में संचालित दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक लिया गया। जिसमें नशीली दवाईयों का सेवन के रोक थाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व दवाई दुकान संचालक (मेडिकल स्टोर) में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देश देकर सूचना का आदान-प्रदान किये जाने मेडिकल संचालकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल स्टोर संचालकों (मेडिकल स्टोर) को अवैध नशीली प्रतिबंधित दवा की बिक्री न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया।

नागरिक इलेवन ए ने इलेवन सी को और पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फाइनल में बनाई जगह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 के पहले सेमीफायनल मैच में नागरिक इलेवन सी ने नागरिक इलेवन ए को और दूसरे रोमांचक सेमीफायनल मैच में पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फायनल में जगह बना ली है। इस तरह पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 का फायनल मुकाबला नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य 25 फरवरी 2024 को संध्या 7 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जाएगा। खेले गए सेमीफायनल मैच में पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री सचिन सिंह बघेल, ट्रस्टी आईबी ग्रुप डॉ. रूबिना अंजुम अल्वी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति और खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नगर के जनमानस से दिग्विजय स्टेडियम जुड़ा हुआ है। यह भव्य स्टेडियम को संजोय रखना हम सभी का दायित्व है। यहां निरंतर खेलों के आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारे शहर व जिले की प्रतिभाएं विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रदेश व देश का नाम रौशन करें।

दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले सेमीफायनल मैच में गतवर्ष की उपविजेता नागरिक इलेवन सी ने एकबार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए दमदार नागरिक इलेवन ए को 13 रन से पराजित कर फायनल में पहुंची गई है। नागरिक इलेवन सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उसके बल्लेबाज सुनील साहू के 16 रन और शिवम चौधरी के 15 रन की बदौलत 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 78 रन बनाये थे। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन की टीम 65 रन बनाकर ही सिमट गई। जिसमे ईश्वर सिन्हा ने 20 रन बनाये थे।

गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत आज 25 फरवरी को पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा लेकर रायपुर बिरगांव की ओर से ग्राम आनंदगांव की ओर आ रहा हैं की सूचना पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया।

फेडरेशन ने 4 लंबित मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव अपने प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रांतीय सचिव एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी के आह्वान पर राजनांदगांव के जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के नेतृत्व में राजनांदगॉव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में मोदी की गारंटी का अमल करने भोजन अवकाश के समय दोपहर 1.30 बजे मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। तहसील-ब्लॉक-जिले के शासकीय सेवकगण अपने-अपने मुख्यालय में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते दिखाई दिए। इसी तारतम्य में विकासखंड राजनांदगांव में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकजुट होकर अपने जायज मांगों के लिए हाथों में तख्ती लेकर जोरदार नारेबाजी करते जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों ने अपनी ताकत दिखाई।मांगों के विषय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर, महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा राज्य शासन को समय.समय पर अपनी जायज मांगो के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है।

संत शिरोमणि रविदास ने समाज को कर्तव्य पथ पर चलने का दिया संदेश: आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेबंध में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। संत शिरोमणि रविदास की छायाचित्र में माल्यार्पण कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने समाज को नई दिशा के साथ-साथ नई सोच भी दी।

संत रविदास बहुत ही सरल हृदय के थे और दुनिया का आडंबर छोड़कर हृदय की पवित्रता पर बल देते थे। संत रविदास ने देश में फैले ऊंच-नीच के भेदभाव और जाति-पात की बुराईयों को दूर करते हुए भक्ति भावना से पूरे समाज को एकता के सूत्र में बाधने का काम किया था।

■ न्यूज गैलरी

महतारी वंदन योजना : एक लाख 99 हजार आवेदन जमा

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में महतारी वंदन योजना के तहत एक लाख 99 हजार से भी ज्यादा आवेदन पत्र जमा हुए हैं,उक्त प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत अनन्तिम सूची का प्रकाशन सम्बन्धित ग्राम पंचायतों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा चुका है। इन ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों में उक्त सूची देखी जा सकती है। ज़िला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सक्ती श्री सूर्यकांत गुप्ता ने इस बारे में बताया कि हितग्राहियों को सूची में नाम देखने की सुविधा हेतु विभाग द्वारा लिंक https://mahtarivandan.cgstate.gov.in/beneficiary-application-statusतथा https:// mahtarivandan.cgstate.gov.in/antrim-suchi जारी किया गया है, जिसमें हितग्राही अपना आधार नंबर डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति स्वयं घर बैठे भी देख सकते हैं।

कच्ची महुआ शराब जब्त

सक्ती/नवप्रदेश। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक महोदया अंजली गुप्ता सक्ती के मार्गदशन पर टीम बनाकर जुर्म जरायम पतासाजी एव माइनर एक्ट कार्यवाही हेतु देहात रवाना हुये थे कि मुखबीर के सुचना एक व्यक्ति अवैध रूप से एक 5 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन मैं भरा 5 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब तथा एक 5 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की प्लास्टिक जारीकेंन में 4 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब जुमला मात्र 9 लीटर हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम लकेश्वर कुमार लहरे निवासी गडामोर थाना जैजैपुर का होना बताया जिसके कब्जे से 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की 02 नग जरिकेन जिसके एक जरिकेन में 5 लीटर एवं एक जरीकेन मे 04 लीटर कुल 9 लीटर हाथ भटठी से बनी कच्ची महुआ शराब भरी हुई किमती 900 रूपये का मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर गवाहों के समक्ष के आरोपी लकेश्वर कुमार लहरे के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर मौके पर शीलबंद किया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर मान. न्यायालय पेश किया ।उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतरूपा तारम, प्रआर. 18 योगेश्वर बंजारे, आर. श्याम हरवंश, आर संजय सोनवानी का योगदान रहा।

शिव महापुराण का आयोजन आज

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली के चातरखार में शिव महापुराण एवं संत समागम का आयोजन 27 फरवरी से किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने कानून एवं व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों के मद्देनजर आज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। 27 फरवरी से 6 मार्च तक चातरखार में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश प्रसिद्ध संत शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा कथा वाचन करेंगे। संतसमागम में चित्रकूटधाम के राजीव लोचन दास महाराज सहित देश के विख्यात संत भी हिस्सा लेंगे।

खुशगवार माहौल में मनाया गया शब- ऐ- बारात

लखनपुर सरगुजा/नवप्रदेश। स्थानीय मुस्लिम कौम के लोगों ने 25 फरवरी दिन रविवार को शब-ए-बरात का त्योहार खुशगवार माहौल में मनाया। शब-ए-बरात के मौके पर क़ौम के लोग ईसा बाद जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा जहां मौलाना हामिद रज़ा के द्वारा तकरीर की गई। उनके द्वारा बताया गया कि इस्लाम धर्म में शब-ए-बरात खास त्योहारो में शुमार है। नमाज अदा कर इबादत की जाती है। इंतिक़ाल फ़रमा चुके पूर्वजों के कब्रिस्तान में जाकर फातिहा दुआ पढ़ने से सवाब हासिल होती है। इस्लाम के मुताबिक इस दिन अपने गलतियों के लिए अल्लाह से मुआफी मांगी जाती है।

प्रधानमंत्री ने देशभर में 554 अमृत भारत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों एवं 1500 रोड ओवरब्रिज-अंडरपास का किया लोकार्पण, शिलान्यास

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का होगा आधुनिकीकरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विकसित भारत का विकसित रेल के अंतर्गत देश में रेल विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों के महत्वपूर्ण कड़ी में सोमवार 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 महत्वपूर्ण स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास तथा 1500 रोड ओवरब्रिज-अंडरपास का लोकार्पण और शिलान्यास वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस दौरान पूरे देश में रेलवे की 41 हज़ार करोड़ से अधिक परियोजनाओं के कार्यों की शुरुआत की गई है। जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

योजना के तहत अम्बिकापुर स्टेशन में 8.77 करोड़ रुपए की लागत से उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के कार्य किए जायेंगे। पुनर्विकास के बाद सभी स्टेशनों पर रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव होगा। स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल, स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं, स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के डिजाइन तथा स्वरूप का उन्नयन, सहित स्टेशन परिसरों को मनमोहक स्वरूप दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन सिटी के दोनों तरफ जुड़कर सिटी सेंटर की तरह विकसित किए जायेंगे। स्टेशन स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेगा, जहाँ यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहली कड़ी में 554 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला अगस्त 2023 में रखी जा चुकी है जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अकलतरा व बिलासपुर स्टेशन शामिल रहे, अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शेष 15 स्टेशनों ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, कोरबा, जांजगीर-नैला, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, बैकुंठपुर व अम्बिकापुर स्टेशनों में व्यापक प्रस्तावित विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत ओवरब्रिज, अंडरपास का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। बिलासपुर मंडल के 21 फाटकों में 177.43 करोड़ रुपए की लागत से अंडरपास का निर्माण, 25 फाटकों में 673.88 करोड़ रुपए की लागत से रोड ओवरब्रिज का निर्माण तथा 181.66 करोड़ रुपए की लागत से 15 स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास सहित कुल 1032.97 करोड़ रुपए का कार्य शामिल है।

ज्ञात हो कि रेल विकास के लिए 2024-25 केंद्रीय अंतरिम बजट में रेलवे को 2,52,000 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के लिए रिकार्ड 6896 करोड़ रुपए का आबंटन शामिल है।

अमेरा खदान डकैती के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। अमेरा कोयला खदान के कोयला स्टॉक मे 11 से 12 व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडा लेकर अंदर आकर सुरक्षा गॉर्ड कों जान से मारने की धमकी देते हुए ताम्बे का तार, कोयला एवं अन्य सामान की डकैती की रिपोर्ट पर थाना लखनपुर मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 30/24 धारा 395 भा. द. वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामले में पुलिस टीम ने पूर्व में 01 विधि से संघर्षरत बालक समेत कुल 05 आरोपियों कों गिरफ्तार किया गया था, शेष आरोपियों के संबंध में मुखबीर की सूचना पर आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना नाम अमोल राजवाड़े चिलबिल लबझीयापारा लखनपुर, सींग साय राजवाडे चिलबिल पण्डोपारा लखनपुर, गणेश राजवाड़े चिलबिल लखनपुर, भोले राजवाडे परसोड़ी थाना लखनपुर से गिरपतार किया गया। आरोपियों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर अमेरा कोयला खदान मे लाठी डंडा लेकर कोयला स्टॉक मे घुसकर ताम्बे का तार, कोयला एवं अन्य सामान की डकैती कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना लखनपुर से सहायक उप निरीक्षक संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, आरक्षक मुनेश्वर पैकरा, देवेंद्र सिंह, डॉक्टर सिंह सिदार, राकेश चतुरेश शामिल रहे।

लोरमी बायपास सड़क गड्ढों में तब्दील, लोग परेशान

शीघ्र ही ऐसे सड़कों की मरम्मत की जायेगी

जर्जर सड़कों के मरम्मत के लिये कार्य योजना तैयार की जा रही है। शीघ्र ही ऐसे सड़कों की मरम्मत की जायेगी।

-ममता पटेल, ईई लोक निर्माण विभाग मुंगेली

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़कों का हाल बेहाल है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर गांव की सड़के जर्जर एवं गड्ढेयुक्त हो गई है। जिसके चलते आने-जाने वालों को धूल एवं गड्ढ़े में भरे पानी से बचकर चलना पड़ता है। जर्जर सड़कों की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होते रहती है।

जर्जर सड़के और गड्ढ़ेयुक्त हो गई है, यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जिला अस्पताल का पहुंच मार्ग हो या बाइपास की सड़क या नेशनल हाइवे की सड़क हो, सड़को पर गड्ढ़ो एवं पानी भरे रहने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे हो गये है जिस कारण आये दिन दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है। लोगों को आवागमन करने में कॉफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग स्थित पर जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण पानी निकासी नहीं होने से लोगो का जिना दुश्वार हो गया है। शहरवासियों को काफी मशक्कत के बाद मुरूम डालने के बजाये मिट्टी डाल दिये जाने के कारण परेशानिया और भी बड़ गयी है। मुंगेली मुख्य मार्ग बड़े-बड़े गड्ढे मे तब्दिल हो गये है। पड़ाव चैक से लोरमी बाईपास से हजारो लोगो को जिला मुख्यालय पहुचाता है फिर वापस लाता है यह मार्ग शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते गढ्ढों मे तबदिल हो गयी है। सड़क में जगह जगह बडे बडे गढ्ढे होने के कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगो को जोखिम में डालकर यात्रा करना पडता है। मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे होने से लोगों को आवागमन करने में तकलीफ होती है। समस्या के निदान हेतु जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है। उपरांत आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। नगर एवं आसपास की सड़के जर्जर अवस्था में तो थी ही मरम्त नही होने के चलते सड़के और जर्जर हो गई है। गड्ढ़ो पर पानी भर गया है। जिला अस्पताल जाने के दोनों-तीनों मार्ग पर सड़क के स्थान पर केवल गढ्ढे ही गढ्ढे है। अस्पताल पहुंचने के लिये प्रमुख मार्गो में रायपुर रोड से खर्राघाट पुल होकर, दाउपारा से रामगढ़ होकर तथा बिलासपुर रोड मुख्य मार्ग से छोटी पुलिया के बगल से पुलिस लाईन होते हुये जिला अस्पताल जाने का मार्ग है। इन सभी मार्गो की सड़के बहुत ही जर्जर और गड्ढों से युक्त है, जिसमें गर्भवर्ती महिलाओं के साथ-साथ मरीजों तथा अस्पताल जाने वालों को काफी दिक्कतें होती है। जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज व उनके परिजन पहुंचते है। इसी प्रकार नेशनल हाइवे पर मुंगेली से पण्डरिया कवर्धा जाने वाली मार्ग पर सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के आगे से तीन किलोमीटर की सड़क मरम्मत के बाद भी जर्जर एवं गड्ढेयुक्त है।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए बजट में 50 करोड़-विधायक

सरगुजा-लखनपुर। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षों से क्षेत्रवासियों के माग के अनुरूप अंबिकापुर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना हेतु 50 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। जिसके लिए राजेश अग्रवाल जी ने मुख्यमंत्री जी एवं स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया है एवं आने वाले समय में एम्स खोलने की मांग की गई है। गौरतलब बात यह है कि अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज में 150 एमबीबीएस सीटों में वृद्धि एवं पी.जी. पाठ्यक्रम हेतु 87 नवीन पदों का सृजन किया जाएगा इस हेतु 50 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। पहुँच विहिन ग्रामीण क्षेत्रों हेतु बाईक एम्बुलेंस की स्वीकृति देने की माग की है। साथ ही साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों के निवारा हेतु पूर्ण विकसित कॉलोनी एवं पहुँच विहिन ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक एवं स्टाफ नर्सों के लिए स्टाफ क्वार्टर तथा महंगी चिकित्सा उपकरणों एवं मशीनों के संचालन हेतु कुशल ऑपरेटरों की मांग रखी गई है। छ.ग. के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से वर्चा के दौरान यह माग की गई कि जिला अस्पताल के बगल में लोक निर्माण विभाग की खाली पड़े भूमि को हॉस्पीटल में समायोजित करने एवं रामानूज क्लब की खाली पड़े भूमि को महिला हॉस्पीटल में मिलाने हेतु मांग रखी गई जिससे जिला अस्पताल की व्यवस्था एवं मरीजो को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेगी एवं परिसर का विस्तार होगा । इन मांगों की आपूर्ति हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साथ एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया गया। और साथ ही साथ आने वाले समय में जनहित के जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

गौ शाला में चारा भण्डारगृह लोकार्पित

मुंगेली/नवप्रदेश। पण्डरभट्ठा स्थित गौशाला में विगत दिवस नवनिर्मित चारा भण्डारगृह का उद्घाटन एवं लोकार्पण रायपुर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी अशोक बुरड़, प्रकाश बुरड़, जैकी बुरड़ द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ जीवरक्षा एवं गौ सेवा शोध संस्थान मुंगेली द्वारा पण्डरभट्ठा में संचालित गौ शाला में विशाल कक्ष का निर्माण कर लोकार्पण किया गया। अशोक बुरड़ द्वारा अपने स्व. माता-पिता समीरमल, चम्पादेवी बुरड़ तथा अनिता, आशीष बुरड़ की पुण्य स्मृति में इस विशाल कक्ष का निर्माण किया गया। इ स अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में सर्वप्रथम समिति के पदाधिकारी दीनानाथ उपाध्याय ने बताया कि एक गाय माता में करोड़ों देवी देवता का निवास होता है। अतः गाय की सेवा करने से करोड़ों देवी देवताओं की पूजा का पुण्य सहज रूप से प्राप्त हो जाता है। श्री उपाध्याय ने गौशाला के संस्थापक स्व. फूलचंद जैन को याद करते हुए कहा कि उनके सत प्रयास से क्षेत्र को इतनी बड़ी गौशाला मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा ने बताया कि अशोक बुरड़ ने बड़े सहज भाव से गौशाला के लिए अनुदान देकर पुण्य अर्जन किया है। वे साधुवाद के पात्र है। साथ ही साथ मुंगेली का जैन समाज एवं अन्य सभी समाज के लोगों का समय-समय पर सहयोग प्राप्त होता रहता है। म ु ख य अतिथि अशोक बुरड़ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कांतिलाल लोढ़ा अध्यक्ष जैन समाज मुंगेली ने समिति को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर समिति की ओर से नेम सिंह राजपूत पण्डरभट्ठा का सम्मान किया गया। तथा बुरड़ परिवार की ओर से गौ शाला में विशेष सेवा दे रहे सुभाष लोढ़ा एवं मोनू उपाध्याय का स्वागत किया गया। समिति के सचिव अभय चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में गौशाला के प्रारंभिक दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव सुनाएं तथा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

महोत्सव | मैनपाट महोत्सव के आखिरी दिन दंगल प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ केशरी बने विजेंद्र, रानी दुर्गावती श्रेणी में जीती दिया बजाज

उभरते खिलाड़ियों ने दंगल में दिखाए दांव

अंबिकापुर/नवप्रदेश। एक ही स्थान में मेला, एडवेंचर स्पोर्ट्स, रोमांचक दंगल का आनन्द लेते लोग, चारों ओर उत्साहपूर्ण माहौल, गाते-झूमते और थिरकते लोग, मौका था मैनपाट महोत्सव के आखिरी दिन का।

मैनपाट महोत्सव के अंतिम दिन दंगल प्रतियोगिता का फैसला हुआ। दंगल में छत्तीसगढ़ केशरी 70 किग्रा से अधिक की श्रेणी में भिलाई के विजेंद्र पाल सिंह जीते। उपविजेता भिलाई के ही पहलवान सतपाल यादव रहे। छत्तीसगढ़ केशरी श्रेणी में विजेता को 21 हजार रुपए और उपविजेता को 11 हजार की राशि से पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ कुमार 70 किग्रा से कम श्रेणी में दुर्ग के लक्की जीते। उपविजेता धमतरी के मनोज साहू रहे। इस श्रेणी में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5100 की राशि से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह 50 किग्रा से अधिक छत्तीसगढ़ रानी दुर्गावती श्रेणी में रायपुर की दिया बजाज जीती और दूसरे स्थान पर दुर्ग की ग्रेसी पटेल रही। छत्तीसगढ़ रानी दुर्गावती श्रेणी में विजेता को 21 हजार रुपए और उपविजेता को 11 हजार की राशि से पुरस्कृत किया गया। 50 किग्रा से कम छत्तीसगढ़ बिलासा देवी श्रेणी में धमतरी की द्रौपति साहू विजेता और धमतरी की ही वेद कुमारी रनरअप रही। इस श्रेणी में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5100 की राशि से

पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संजय सुरीला ने दीवाना बनाए दे हे रे जैसे गानों से दर्शकों को अपनी आवाज से दीवाना बनाया। वहीं गायिका स्तुति जयसवाल ने बॉलीवुड गाने गाकर तालियां बटोरीं। स्कूली बच्चों, उभरते हुए युवा कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां दर्शकों को आनन्दित करती रहीं।

गायक अमनदीप, मोनालिसा सोनी के गीतों से समा रंगीन हुआ। वहीं लोक कलाकारो में निरकान्त महंत, छत्तीसगढ़िया डांस ग्रुप की प्रस्तुतियां मनमोहक रहीं।बाल कलाकार वर्षा, आयुष एवं आरव मिश्रा द्वारा प्रभु राम, लक्ष्मण की वेशभूषा में मां शबरी के प्रसंग की जीवंत प्रस्तुति राम आएंगे गीत पर दी। डॉ देवेंद्र दुबे एन्ड टीम के ने कवि सम्मेलन एवं कठपुतली डांस भी आकर्षण का केंद्र रहे। बॉलीवुड डांस ग्रुप ने शानदार बॉलीवुड गीतों में नृत्य कर दर्शकों को खूब थिरकाया।

मैनपाट के पर्यटन स्थलों के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा

अंबिकापुर। मैनपाट महोत्सव 2024 का समापन समारोह स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। मंत्री श्री अग्रवाल ने महोत्सव स्थल पहुंचकर शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। समापन समारोह के अवसर पर मंच पर प्रस्तुति दे रहे प्रसिद्ध कलाकार राजेश मिश्रा के गीत पंखिड़ा ओ पंखिड़ा भक्ति गीत पर मंत्री श्री अग्रवाल सहित कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े और जनप्रतिनिधि झूम उठे।

मंत्री श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ाने के लिए शासन द्वारा मोटल बनाए गए। जहां पर्यटकों को रुकने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। एयरपोर्ट की शुरुआत होने पर बनारस घूमने आने वाले टूरिस्ट मैनपाट तक पहुंचेंगे। जिससे मैनपाट में पर्यटन रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। उन्होंने कहा कि वे मैनपाट में 1980 से छात्र जीवन से आ रहे हैं। मैनपाट छत्तीसगढ़ का सबसे सुंदर पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि सरगुजा के रामगढ़ में भगवान राम का आगमन हुआ और पहली नाट्यशाला भी रामगढ़ में है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका है। राम हमारे भाँचा हैं। प्रदेश में राम आगमन के समस्त स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

मोबलाईजेशन काउंसलिंग कैम्प सह रोजगार/लोन मेला 29 से

बीजापुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड स्तरीय मोबलाईजेशन काउंसलिंग कैम्प सह रोजगार/लोन मेला में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमो में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। साथ ही साथ प्रशिक्षण एवं लोन मेला का भी आयोजन जिले के समस्त ब्लॉकों में किया जाएगा। जिसके अंर्तगत 29 फरवरी को बीजापुर के कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर एवं उसूर के नया बस स्टैण्ड आवापल्ली में सुबह 10:30 बजे से आयोजित होगी। इसी तरह 01 मार्च 2024 को जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में सामुदायिक भवन भैरमगढ़ एवं 04 मार्च 2024 को भोपालपटनम के सांस्कृतिक भवन, नगर पंचायत भोपालपटनम में आयोजित किया जाएगा।

गारमेंट फैक्ट्री में 300 सिलाई मशीन ऑपरेटरों की होगी भर्ती

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिले में बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री खोला गया है। फैक्ट्री में काम करने हेतु 300 सिलाई मशीन आपरेटरों की आवश्यकता है। इच्छुक महिला उम्मीदवारों को 01 माह का सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा, प्रशिक्षण पश्चात कार्य प्रदर्शन के आधार पर गारमेंट फैक्ट्री द्वारा प्रतिमाह 4 हजार 500 रूपए से 8 हजार रूपए तक मानदेय प्रदाय किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 29 फरवरी को बीजापुर के कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर एवं उसूर के नया बस स्टैण्ड आवापल्ली में सुबह 10:30 बजे विकासखण्ड स्तरीय मोबलाईजेशन काउंसलिंग कैम्प सह रोजगार/लोन मेला में सम्मिलित होकर जानकारी सहित आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह 01 मार्च 2024 को जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में सामुदायिक भवन भैरमगढ़ एवं 04 मार्च 2024 को भोपालपटनम के सांस्कृतिक भवन, नगर पंचायत भोपालपटनम में आयोजित किया जाएगा।

सांकरा में मानस सम्मेलन 4 से

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नौ दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 4 से 12 मार्च तक किया गया है। जिसमें इक्छुक मानस मंडली 15 फरवरी तक अपना पंजीयन समिति के पदाधिकारी से कर सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष, तिरथ साहू कोषाध्यक्ष, नागेन्द्र बोरझा सचिव,गिरवर भंडारी उपाध्यक्ष, राजू पटेल मीडिया प्रभारी जुटे हुए हैं। यह जानकारी राजू पटेल मीडिया प्रभारी मानस सम्मेलन समिति सांकरा ने दी।

विश्वकर्मा योजनांतर्गत मेहमान प्रशिक्षक हेतु वॉक इन इंटरव्यू

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला परियोजना लाईवलीहूड कालेज में दो कोर्सों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत मेहमान प्रशिक्षक हेतु साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) का आयोजन 01 मार्च 2024 को प्रातः 11 बजे आयोजित किाय गया है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहूड कालेज सोसायटी जिला बीजापुर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

14 हितग्राहियों को मिली बीमा राशि का चेक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में शासन द्वारा संचालित छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार पर आज जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार कठौते के द्वारा 14 हितग्राहियों को एक-एक लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया।

चुनावी कंट्रोल रूम स्थापित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचन के सुगम संचालन एवं प्रारंभिक तैयारी हेतु कंट्रोल रूम का स्थापना जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा में किया गया है। जिस हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर- 07856252398 है।

लोकसभा चुनाव : बीजेपी ने की दोनों विधानसभाओं में चुनावी बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिए भाजपा ने बैठकों की शुरुआत कर दी है। इस कड़ी में रविवार को राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक मधुसूदन यादव, जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, सह संयोजक नीलू शर्मा, सह प्रभारी अंजू राजपूत जिले के प्रवास पर कवर्धा पहुंचे और जिले की दोनों विधानसभाओं की चुनाव प्रबंधन समितियों की बैठकें लीं।

जिला भाजपा कार्यालय में कवर्धा विधानसभा स्तरीय बैठक हुई जबकि पंडरिया विधानसभा की बैठक ग्राम मोहतरा में हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने जिले के कार्यकर्ताओं को दोनों विधानसभाओं में ऐतिहासिक जीत का शिल्पी बताते हुए बधाई दी। जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी ने अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को याद दिलाते हुए कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में दोनों विधानसभाओं में बढ़त दिलाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कवर्धा के कार्यकर्ताओं की ताकत को पिछले चुनाव में प्रदेश भर के लोगों ने महसूस किया है। अब उसी ताकत के साथ लोकसभा के लिए जुटना है। चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने विधानसभा स्तरीय प्रबंधन

समिति की घोषणा करते हुए तीस विभागों के प्रभारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने जल्द ही विधानसभा चुनाव कार्यालय खोलने की बात भी कही। लोकसभा चुनाव प्रभारी नारायण चंदेल ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुए हैं लेकिन पार्टी की चुनावी तैयारी शुरू हो गई है.सभी क्षेत्रों में लोकसभा स्तरीय चुनाव कार्यालयों ने काम करना भी प्रारंभ कर दिया है. उन्होंने मोदीजी के उस आग्रह को भी कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि इस चुनाव में हमें हर बूथ में तीन सौ सत्तर वोट बढ़ाने हैं. उन्होंने सभी सातों मोर्चों को भी मोर्चे पे डट जाने को कहा। लोकसभा चुनाव तक सक्रिय रहने का मंत्र भी उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक का संचालन संतोष पटेल और आभार व्यक्त जसविंदर बग्गा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, अनिल सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, अजीत चंद्रवंशी, सीताराम साहू, सुरेश दुबे सहित मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चे के जिला अध्यक्ष , महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

20 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

कवर्धा/नवप्रदेश। सामूहिक उपनयन संस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें आज उपस्थित अतिथियों में संतोष पाण्डेय सांसद राजनांदगांव ललित मिश्राअध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज ,भावना वोहरा विधायक पंडरिया, लक्ष्मी नारायण तिवारी समग्र ब्राह्मण महासंघ सचिव ब्राह्मण समाज छ ग , डॉ पवन कुमार मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, गणेश तिवारी ने अपने विचार रखते हुए समाज को आगे बढाने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। सभी अतिथियों ने कहा कि ब्राह्मण में ज्ञान की विशिष्टता होती है जो कि सभी समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है । आगन्तुक अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । जनेऊ उपरांत बटुकों की बारात निकाली गई। इनका हुआ उपनयन संस्कार। सुमित मिश्रा,प्रहलाद मिश्रा,राम कृष्ण मिश्रा पिता बलदाऊ मिश्रा,रुद्रान्श पिता प्रेम नारायण शर्मा ,समीर भट्ट,सुमित भट्ट पिता सुधाकर भट्ट,चंद्रभूषण तिवारी पिता सन्तोष

तिवारी,कौशलेन्द्र दुबे पिता दिलिप दूबे,कुणाल शर्मा पिता प्रमोद शर्मा, शशांक शर्मा पिता किरण शर्मा,उदय तिवारी,मयंक तिवारी पिता मनोज तिवारी,सूर्यकान्त द्विवेदी पिता कुलेश्वर द्वेवेदी,मुरली पांडेय पिता राकेश्वर प्रसाद,साहित्य तिवारी पिता राजेन्द्र तिवारी,अक्षत मिश्रा पिता नूतन मिश्रा,विवेक शर्मा पिता वीरेंद्र शर्मा,कृपाण्शू शर्मा पिता वीरेंद्र शर्मा,अभिषेक तिवारी पिता मुकेश तिवारीऔर, हर्ष द्विवेदी पिता प्रकाश द्विवेदी,है ।आचार्य बिसाहू प्रसाद पांडेय,प.हरिप्रसाद शुक्ला,सुमित बे,अमित दुबे,आनंद दुबे थे ।

इस मौके पर बन्टी तिवारी, सुरेश शर्मा, वेदनारायण तिवारी, मधु तिवारी, उमंग पाण्डेय, सुद्धू तिवारी, टी आर तिवारी, अश्वनी पाण्डेय, डां आनंद मिश्रा, राजेश पाण्डेय, प्रमोद शुक्ला, नंद शर्मा, उमेंश पाठक, भावेश मिश्रा, बसंत शर्मा, वेदनारायण शर्मा, प्रदीप तिवारी,पूनाराम तिवारी, डां. पवन मिश्रा, आनंद मिश्रा, चन्द्रकिरण तिवारी, प्रभाकर शुक्ला, विपीन शर्मा, संतोष चौबे, कमलेश द्विवेदी, बिन्नू तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा, संतोष चौबे, प्रमोद शर्मा निर्मल द्विवेदी, दुर्गेश पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, विजय पाण्डेय, पंकज तिवारी, अशोक शर्मा, प्रेमनारायण शर्मा, पूनाराम तिवारी, श्रीमती रेखा पाण्डेय, गीतांजलि शर्मा कार्यक्रम का संचालन अश्वनी पाण्डेय, टीपी दुबे,अभिषेक पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, उमेंश पाठक और राजेश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

9 करोड़ की लागत से बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार

कोरिया/नवप्रदेश। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बैकुण्ठपुर रोड़ रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 9 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशनों व 83 ब्रिज शामिल

प्रदेश के 21 स्टेशनों व 83 रोड ओवरब्रिज, अंडर ब्रिज को करीब 2700 करोड़ रूपए की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाई नगर, हथबन्द, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद व भिलाई स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाएगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सहित देश के 554 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज, अंडर पास का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास, लोकार्पण किया ।

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य में रेल अधोसंरचना विकास के लिए सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में 6 हजार 896 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे नई रेल लाइनों के निर्माण, विद्युतीकरण, नई ट्रेन संचालन, स्टेशनों के विकास व यात्री सुविधाओं में बढोत्तरी के कार्य में गति आएगी।

कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, रेलवे के आर. शंकरन, बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन प्रबंधक जे.के. जेना, वरिष्ठ रेल अधिकारी विजय कुमार कोरी, उमेश कुमार, शुभम कुमार, सुधीर कुमार सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्र-छात्राएं, युवा व ग्रामीण उपस्थित थे।

माघी पूर्णिमा पर महानदी की हुई महाआरती

नगरी/नवप्रदेश। -माघी पूर्णिमा पर महानदी की महाआरती शनिवार 24 फरवरी को ब्रम्ह मुहूर्त में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में की गई। गौरतलब है कि संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी एवं वेदरतन सेवा प्रकल्प के मार्गदर्शन में महानदी के उद्गम एवं महर्षि बाल्मीकि आश्रम से प्रगटी बालका नदी के संगम पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा को महानदी की महाआरती की जाती है।

इस अवसर पर श्रीमती अंबिका मरकाम सिहावा विधायक, पेमन स्वर्णबेर, श्रीमती प्रेमलता उमाशंकर नागवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रवण मरकाम, अध्यक्ष महानदी सेवा संस्थान, धनेश्वर कंवलीबाई साहू, रामाराव गायत्री सुमन बघेल, अरुण सोम सेवानिवृत टीआई एवं आजीवन सदस्य महानदी सेवा संस्थान आदि सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि वो इस क्षेत्र कि विधायक महानदी के आशीर्वाद से ही बनी हैं। गंगा मैया का आशीर्वाद आप सभी पर बनी रहे। हमें गंगा मैया को स्वच्छ व निर्मल रखने का प्रयास करना चाहिए तथा लोगों में एक दूसरे के प्रति सद्भावना का भाव जागृत हो ऐसा हम सभी को अपने व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयत्न करना चाहिए। इस अवसर पर ंबिका मरकाम ने महानदी सेवा संस्थान को भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके लिये सेवा संस्थान ने उनका । आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महानदी सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन वैष्णव, पूर्व संयोजक पेमेन्द्र पटेल, संस्कृति प्रमुख व प्रवक्ता पंकज साहू, पूर्व निधि प्रमुख देवब्रत गौतम, सचिव मुकेश यादव , आचार्य पवन मिश्रा, डोमार प्रसाद मिश्रा, महानदी सेवा संस्थान के संरक्षक सदस्य राजेश यदु, विजय निषाद, सीयाशरण पटेल, रूपेन्द्र साहू, पुडरीक कश्यप, चैनसिंह बिसेन,सचिदानंद स्वर्णबेर, पारेंद साहू, एसकुमार साहू, संजय साहू, डिकेश साहू, करण सेन, उपाध्यक्ष लोकेश सोनी, सचिव मुकेश यादव , कोषाध्यक्ष नरसिंह मरकाम, मनीष साहू, सुर्यांशु ठाकुर, उमाकांत साहू, राकेश साहू, कुलेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, गजेंद्र, हेमू नेताम, लक्ष्मण, राकेश निर्मलकर, कुमान ध्रुव, बलराम कौशल, ललित साहू, विवेक यादव , नमन यादव, अक्षय नेताम, गैदलाल सेन एवं दुर्गा महिला मानस मंडली मल्हारी के सदस्यगण व समस्त महानदी प्रहरी सहित नगरी सिहावा अंचल के सैकड़ों भक्त महाआरती में शामिल हुए।

सगाई समारोह में जोड़े ने दिया एक दूसरे राममंदिर का मॉडल

नगरी/नवप्रदेश। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में रामलला के स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के बाद सगाई समारोह हुआ।

इसमें आज के समय में सगाई समारोह में लड़का लड़की एक दूसरे को गिफ्ट के रुक में मोबाईल,घड़ी जैसी वस्तुएं देते हैं। पहली बार लड़के ने लड़की को रामलला अयोध्या की छाया प्रति की फोटो और साथ ही राम जन्म

भूमि तीर्थ क्षेत्र मंदिर का मॉडल भेंट किया। रामलला की फोटो और मंदिर मॉडल भेंट करने वाले लड़के ओमआशीष गजपाल पिता स्व. महादेव गजपाल जोकि पूर्व एबीवीपी नगर उपाध्यक्ष भखारा, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा भखारा मंडल, पूर्व प्रदेश महासचिव साहू विकास महासभा, पूर्व प्रदेश महामंत्री मातृभूमि सेवा संघ, पूर्व संयुक्त सचिव साहू समाज युवा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग हैं। सगाई जिला बालोद में तीवन साहू की सुपुत्री सुनीता साहू से हुई है।

विधायक की पहल पर जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति

बचेली/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से राजधानी रायपुर में कुछ दिन पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने मुलाकात कर

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करने हेतु मांग रखी थी। इस दौरान पत्र के माध्यम से विधायक चैतराम अटामी के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को आदिवासी अंचल दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के बारे में अवगत कराया गया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी आश्वासन देते हुए कहा था कि जल्द ही आदिवासी अंचल दंतेवाड़ा में यह व्यवस्था की जाएगी और विभाग के संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया था। जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को पूरा करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है और चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है।

सामुदायिक भवन का लोकार्पण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एएमएनएस इंडिया कंपनी द्वारा किरंदुल के भट्टी पारा वार्ड क्रमांक 07 एवं सिद्दीकी पारा वार्ड क्रमांक 10 मुख्य बाजार में छ्स्क्र के तहत् पुनर्निर्मित सामुदायिक भवन-लोक विकास केन्द्र का उद्घाटन किया गया। रविवार 25 फरवरी को उक्त नवर्निर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसी लाल नरूटी एवं AM/NS के महाप्रबंधक वाई वी राघवेलू के करकमलों द्वारा किया गया।

समारोह में किरंदुल विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, छ्स्क्र प्रतिनिधि डॉ.तेजप्रकाश,वार्ड पार्षद 07 के राजू पालीवाल,सतीश,के गोविंद राजू, पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी,डी एस साहू, नरेश साहू, AM/NS स्टाफ एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित थे। AM/NS इंडिया कंपनी के इस उद्घाटन समारोह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। जिससे समुदाय के सभी सदस्यों की आवास, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो सके।

किसानों को जैविक खेती की जानकारी देकर किया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में रविवार को कृषकों को लेकर नगरी कृषि अधिकारी एवं जैविक कृषि सलाहकार कृषि विभाग धमतरी एन के साहू एवं वजह कृषि प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक गोपी कश्यप, वजह कृषि प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी आर के साहू, वजह प्रोड्यूसर कंपनी के बोर्ड आफ डायरेक्टर द्वारा कृषकों को जैविक खेती को बढ़ावा देने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने वाले कृषकों को जैविक भारत मिशन के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों को जैविक खेती के तकनीकी ज्ञान के बारे में मार्गदर्शन विस्तार से कृषकों को एन के साहू ने दिया। साथ ही कृषकों की आय दुगनी करने हेतु कृषकों को समन्वित खेती फसल विधि कारण एवं उत्पाद का उचित

विपणन संबंधित जानकारी कृषकों को विस्तार पूर्वक दिया गया तथा वजह कृषि प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक गोपी कश्यप द्वारा जैविक कृषक का कृषक उत्पादक समूह बनाकर केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषकों को मार्गदर्शन दिया गया। जैविक भारत मिशन की संचालक श्रीमती इंद्राणी साहू ने जैविक खेती करने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वजह प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यपालिका ने अधिकारी आर के साहू धमतरी एवं वजह प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक गण तथा जिसमे त्रिवेणी जालम मरकाम घनश्याम नेताम भुनेश्वरी नेताम गायत्री तिवारी संतोषी सुर्यवंशी ललिता साहु गोविन्द सिंह मखन लाल पुष्प लता धुव हेमलला मरकाम कृष्ण कुमार भास्कर शैलेन्द्रकुमार नेताम दिनेश निषाद मोहित कुमार साहू मनेन्द्र मरकाम आत्मा राम भएकाम लता साहू रस डिलेवरी साह चमेली जागृत्ति उईई कलेन्दी मण्डावी .कृषक उपस्थित हुए इस कार्यक्रम की रूपरेखा एन के साहू द्वारा मुख्य रूप से दिन रविवार को किया जाता है।

इंजेक्शन लगते ही हो गई मौत अब तक नहीं हुई जांच कार्रवाई

- **पखवाड़े भर बाद भी नहीं हो सकी एफआईआर, जिपं अध्यक्ष तुलिका ने दिया अल्टीमेटम**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत चंदेनार के परदेशी तेलाम की इंजेक्शन लगने से मौत के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अब तक ना भास्कर दवाखाना को सील किया गया और ना ही संचालक लिट्टन



विश्वास पर एफआईआर दर्ज हो सकी। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आड़े हाथों लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में सब चल रहा है। ग्रामीण परदेशी की मौत को 15 दिन से ज्यादा का समय हो गया। पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। तुलिका ने कहा की भास्कर दवाखाना के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें हुई पर बड़े अधिकारियों के संरक्षण के कारण वह बच कर निकलता है। परदेशी का परिवार आज अनाथ हो गया। उनका दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। जिपं अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस को अभी तक स्वास्थ्य विभाग कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है, जिसके तहत पुलिस अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा सकें। तुलिका ने स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने कोई कार्रवाई नहीं कि गई तो जल्द ही इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

नीतू ने स्कूल लीडरशिप थ्रू बेस्ट प्रैक्टिसेस पर राष्ट्र स्तरीय सेमिनार में दिया प्रस्तुतीकरण

बचेली/नवप्रदेश। कक्षा शिक्षण में शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के सकारात्मक पहलु से अवगत कराया स्कूल लीडरशिप थ्रू बेस्ट प्रैक्टिसस पर एन सी एस एल (NCSL) और एन आई ई पी ए (NIEPA) के संयोजन से एस सी ई आर टी (SCERT) रायपुर द्वारा राष्ट्र स्तरीय दो दिवसीय सेमिनार 20 और 21 फरवरी को ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा रायपुर में आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और एस सी ई आर टी के संचालक राजेंद्र कटारा ने सेमिनार को संबोधित किया और शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में अपनी प्रस्तुति देने के लिए रिजनल लेवल पर उन शिक्षकों का चयन किया गया। जो अपने विद्यालय में

विभिन्न नवाचार करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार का कार्य कर रहे हैं। इस सेमिनार में बिहार, झारखंड और कश्मीर के शिक्षकों ने अपनी ऑनलाइन प्रस्तुति दी। दंतेवाडा जिले से शाकउमावि किरंदुल की भौतिकी की व्याख्याता नीतू नीरज पारधी का चयन इस सेमिनार में प्रस्तुतीकरण के लिए हुआ। कक्षा शिक्षण में शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें उन्होंने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए स्मार्ट क्लास के उपयोग पर जोर दिया। वे स्वयं भी अपने विद्यालय में अध्यापन के लिए स्मार्ट क्लास का उपयोग करती हैं। दो साल पहले उनके विद्यालय में स्मार्ट क्लास का सेटअप लगाया गया था जो उनके प्रयास से असेम्बल हो पाया। शुरूआती दिनों में वे अपने मोबाइल डाटा से स्मार्ट क्लास चलने लगी जिससे बच्चों में विषय और टेक्नोलॉजी के प्रति बढ़ाते रूचि को देख कर उन्होंने एससीइआरटी द्वारा 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए अपने शैक्षिक विडियो तैयार करना प्रारंभ किया और यह सारे वीडियो यू ट्यूब पर PTD CHHATTISHGARH चैनल पर उपलब्ध हैं। प्रधान मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ को प्राप्त 5 फ्री एजुकेशनल टीवी चैनल PMevidya में इनके वीडियोस का सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

भारत ने चौथा टेस्ट मैच 5 विकेट से जीता

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराते हुए 5 मैचों की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। जीत के लिए मिले 192 रन के लक्ष्य को मेजबान टीम ने चौथे दिन के दूसरे सत्र में हासिल किया। भारत की दूसरी पारी में रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाए।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में जो रूट के शतक की मदद से 353 रन बनाए। जवाब में भारत ने ध्रुव जुरेल (90) और यशस्वी जायसवाल (73) की पारियों की बदौलत 307 रन बनाए।46 रन की बढ़त हासिल करने वाली इंग्लिश टीम अपनी दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन (5/51) और कुलदीप यादव (4/22) की घातक गेंदबाजी के सामने सिर्फ 145 रन ही बना सकी।भारत ने छोटे से लक्ष्य को रोहित के अर्धशतक की बदौलत हासिल किया।

इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान रूट ने 10 चौकों की मदद से नाबाद 122 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का 31वां शतक रहा।इसके साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने वाले 14वें बल्लेबाज बन गए।उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन (30) को पीछे छोड़ दिया।हालांकि, वह अपनी दूसरी पारी में 34 गेंदों में सिर्फ 11 रन का ही योगदान दे पाए थे। रूट का यह भारत के खिलाफ 10वां टेस्ट शतक रहा। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने।उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने भारत के खिलाफ 9 टेस्ट शतक जड़े हैं।वह भारत के विरुद्ध 58.21 की औसत के साथ 2,736 रन बना

चुके हैं। वह भारत के खिलाफ टेस्ट प्रारूप में दुनिया के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

पहली पारी में भारत ने जब 161 के स्कोर पर अपना 5वां विकेट खोया था, तब जुरेल बल्लेबाजी के लिए आए थे।उन्होंने 96 गेंदों पर अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का छठा अर्धशतक रहा। उन्होंने 149 गेंदों का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे।वह भारत के आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें टॉम हर्टले ने बोल्ट किया। भारत की पहली पारी के दौरान जुरेल और कुलदीप ने 202 गेंदों पर 76 रन की साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया।कुलदीप ने 131 गेंदों का सामना करते हुए 28 रन का योगदान दिया। वह अनुभवी जेम्स एंडरसन का शिकार बने।यह रांची के मैदान पर 8वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बन गया है।यह इस मैदान पर 8वें विकेट की पहली अर्धशतकीय साझेदारी भी रही। जायसवाल ने अपनी पहली पारी में 117 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 73 रन बनाए।यह उनके टेस्ट करियर का तीसरा और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा अर्धशतक रहा।जोरदार फॉर्म में चल रहे जायसवाल का लगातार चौथे टेस्ट में 50 से अधिक रन का स्कोर भी है।उन्होंने अपनी दूसरी पारी में 44 गेंदों में 37 रन का योगदान दिया। इस बीच रोहित के साथ मिलकर 84 रन भी जोड़े। जायसवाल ने मौजूदा सीरीज की 8 पारियों में 93.57 की औसत से 655 रन बना लिए हैं। वह भारत में किसी टेस्ट सीरीज में विराट कोहली (655 रन, 2016) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं।

पाटीदार अपनी पहली पारी में सिर्फ 17 रन ही बना सके थे। वह दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल सके और शोएब बशीर की गेंद पर पवेलियन लौट गए।इससे पहले विशाखापट्टनम में खेले टेस्ट में पाटीदार ने 32 और 9 के स्कोर किए थे।इसके बाद राजकोट टेस्ट की दोनों पारियों में वह दहाई का खाता भी नहीं खोल सके थे। उन्होंने राजकोट में 5 और 0 के स्कोर किए थे। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे बशीर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत की पहली पारी के दौरान 44 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 119 रन देते हुए 5 विकेट लिए।20 वर्षीय इस ऑफ स्पिनर गेंदबाज ने जायसवाल, गिल, पाटीदार और जडेजा के रूप में विपक्षी टीम के प्रमुख बल्लेबाजों के विकेट चटकाए।वह रेहान अहमद के बाद टेस्ट प्रारूप में 5 विकेट हॉल लेने वाले दूसरे सबसे युवा इंग्लिश गेंदबाज बने थे।

हार्दिक पांड्या ने 4 महीने बाद की मैदान पर वापसी

नवी मुंबई। भारत के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सोमवार से नवी मुंबई में शुरू होने वाले डीवाई पाटिल टी20 कप के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। हार्दिक पांड्या रिलायंस 1 टीम की कप्तानी करेंगे, जो भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के खिलाफ प्रतियोगिता के शुरुआती मैच के माध्यम से अपना अभियान शुरू करेगी। 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच में भारत के लीग मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पांड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर थे। हार्दिक को लंबे समय तक रिकवरी प्लस रिहैब पर रखा गया और

अब वो एक बार फिर मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं।उन्हें गजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा की जगह लेते हुए टीम के कप्तान बन गए।डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में पांड्या रिलायंस 1 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, इसमें तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, आकाश मधवाल और विष्णु विनोद जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।ईशान किशन, जो व्यक्तिगत कारणों से पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे से हटने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। उनके भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है।

पुजारा ने रणजी में बनाए 800 से अधिक रन

नईदिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2023-24 में सौराष्ट्र क्रिकेट टीम का सफर क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु क्रिकेट टीम के खिलाफ हार के साथ ही समाप्त हो गया।बीते रविवार (25 फरवरी) को सम्पन्न हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र को पारी और 33 रन से करारी शिकस्त मिली।सौराष्ट्र के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के लिए ये सीजन जोरदार रहा। भारतीय टीम से बाहर चल रहे पुजारा ने खूब रन बटोरे।

पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 में 8 मैच खेले, जिसकी 13 पारियों में 69.08 की औसत के साथ 829 रन बनाए।वह फिलहाल आंध्र प्रदेश के रिकी भुई (902) और केरल के सचिन बेबी (830) के बाद तीसरे

सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज हैं।पुजारा सौराष्ट्र की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उनके बाद इस सूची में अर्पित वासवडा रहे, जिन्होंने 40.41 की औसत के साथ 485 रन बनाए। पुजारा ने तीसरी बार किसी सीजन में 800 रन पूरे किए। इससे पहले 2007-08 में उन्होंने 73.36 की औसत के साथ 807 रन बनाए थे। उसके बाद 2008-09 सीजन में उन्होंने 82.36 की औसत से 906 रन बनाए थे।पुजारा ने इस सीजन में 3 शतक लगाए, जिसमें दोहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने झारखंड के विरुद्ध पहले दौर के मुकाबले में 30 चौकों की बदौलत नाबाद 243 रन बनाए थे।यह पुजारा के प्रथम श्रेणी करियर का 17वां दोहरा शतक था।पुजारा संयुक्त रूप से हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथे सर्वाधिक दोहरे शतक जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे आगे सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और इलियास हेंड्रेन (22) हैं। महाराष्ट्र के खिलाफ मैच के दौरान पुजारा ने अपने प्रथम श्रेणी करियर के 20,000 रन पूरे किए थे।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 265 मैच खेले हैं।

बिजनेस

नीति आयोग का दावा, देश में 5 फीसदी घटी गरीबी

2011-12 की तुलना में आय हुई दोगुनी

नई दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे गिर गया है और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में लोग अधिक समृद्ध हो रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा शनिवार देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों से कहा, उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण सरकार द्वारा उठाए गए गरीबी उन्मूलन उपायों की सफलता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनसंख्या को 20 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया और आंकड़ों से पता चला कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये है। निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा, अगर हम गरीबी रेखा को लें और इसे

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के साथ आज की दर तक बढ़ाएं, तो हम देखेंगे कि सबसे निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग की औसत खपत लगभग समान है। इसका मतलब है कि देश में गरीबी केवल 0-5 प्रतिशत समूह में है। उन्होंने कहा, यह मेरा आकलन है। लेकिन अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करेंगे और बिल्कुल सही आंकड़े सामने लाएंगे। एनएसएसओ का अनुमान 1.55 लाख ग्रामीण परिवारों और 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित है। सुब्रमण्यम ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खपत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। सुब्रमण्यम ने कहा कि सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच असमानताएं कम हो रही हैं। सर्वेक्षण में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को भी शामिल किया गया है, जिसने उन गरीब परिवारों की खपत में योगदान दिया है, जिन्हें अपने बच्चों के लिए मुफ्त खाद्यान्न और साइकिल और स्कूल यूनिफॉर्म जैसे सामान मिले हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2011-12 में अंतर 84 प्रतिशत था और 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया है। 2004-05 में यह अंतर 91 प्रतिशत के अपने चरम पर था।

वैश्विक 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट 2023 की चौथी तिमाही में 2 अरब यूनिट के पार !

नई दिल्ली। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की चौथी तिमाही (क्यू4) में 5जी स्मार्टफोन की वैश्विक संचयी शिपमेंट 2 अरब यूनिट से अधिक हो गई, जिसमें एपल और सैमसंग शीर्ष पर हैं। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, यह पांच साल से भी कम समय में हासिल किया गया, जो 4जी या 3जी जैसी पिछली प्रौद्योगिकियों की तुलना में सबसे कम अवधि है। इस मुकाम तक पहुंचने में 4जी स्मार्टफोन को छह साल लग गए। विश्लेषकों ने कहा, 5जी और 4जी चिपसेट के बीच कम कीमत के अंतर के साथ-साथ सामग्री के बिल (बीओएम) लागत को बनाए रखने के लिए ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा रणनीतिक घटक चयन के कारण 5जी स्मार्टफोन की सामर्थ्य और पहुंच में सुधार हुआ है। सभी 5जी शिपमेंट का लगभग 70 प्रतिशत चीन, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप जैसे विकसित स्मार्टफोन बाजारों से आया। एपल और सैमसंग ने कुल मिलाकर 1 अरब से अधिक इकाइयां भेजीं। सभी 5जी शिपमेंट का लगभग 70 प्रतिशत चीन, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप जैसे विकसित स्मार्टफोन बाजारों से आया। एप्पल और सैमसंग ने कुल मिलाकर 1 बिलियन से अधिक इकाइयां भेजीं। रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्टफोन ब्रांडों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी पेशकश को अलग करते हुए 5जी क्षमताओं और सुविधाओं को काफी बढ़ावा दिया है।

श्री सीमेंट को आयकर विभाग से 261.88 करोड़ की मांग के खिलाफ मूल्यांकन आदेश मिला

नई दिल्ली। श्री सीमेंट को आयकर विभाग से 261.88 करोड़ रुपये की मांग के खिलाफ मूल्यांकन आदेश मिला है। कंपनी को निर्धारण वर्ष 2021-22 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(3) के तहत पारित 24 फरवरी को मूल्यांकन आदेश मिला है, जिसमें कुछ अतिरिक्त/अस्वीकृति की गई है।

श्री सीमेंट ने कहा, कंपनी ने उस आदेश में प्रथम दृष्ट्या त्रुटियां यानी 'रिकॉर्ड से स्पष्ट गलती' देखी है।कंपनी ने कहा, कंपनी मूल्यांकन आदेश में की गई अस्वीकृतियों के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया में है, साथ ही आदेश में प्रथम दृष्ट्या त्रुटियों के सुधार के लिए याचिका भी दायर कर रही है। हम अपने मामलों में अपीलीय प्राधिकारियों की प्राथमिकता/आदेशों को देख रहे हैं और विचार कर रहे हैं। त्रुटियों के अनुसमर्थन के लिए याचिका पर राहत की उम्मीद है, कंपनी को उम्मीद है कि पूरी मांग कम हो जाएगी। ऐसे में, कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।श्री सीमेंट ने कहा कि वह मूल्यांकन आदेश में उठाई गई 261.88 करोड़ रुपये की मांग के खिलाफ आयकर कानून में दिए गए सहारा का लाभ उठाएगी। 5 फरवरी को एक पूर्व नियामक फाइलिंग में श्री सीमेंट ने कहा कि कंपनी ने पहले स्टॉक एक्सचेंजों को आयकर विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के बारे में सूचित किया था। कंपनी के अधिकारियों ने आईटी अधिकारियों को पूरा सहयोग दिया। इसके बाद, आयकर विभाग ने सर्वेक्षण कार्यवाही के संबंध में कंपनी से उनके सवालों के जवाब मांगे। कंपनी ने इसका विधिवत जवाब दिया है।श्री सीमेंट ने कहा, कंपनी को जनवरी में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें कंपनी से पूछताछ पर अपनी प्रतिक्रिया संक्षेप में बताने को कहा गया था। नोटिस में कर जमा करने की कोई मांग नहीं की गई थी।

दो दिनों की मंदी के बाद बाजार में लौटी तेजी

मुंबई/नवप्रदेश। देश के प्रमुख बैंकों के मजबूत मासिक बिजनेस अपडेट के कारण दो दिनों की मंदी के बाद बाजार में तेजी लौट आई। इसकी मुख्य वजह मजबूत क्रेडिट ग्रोथ है। जिओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने ये बात कही है।गुरुवार को सेंसेक्स 490.97 अंक या 0.69 प्रतिशत बढ़कर 71,847.57 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 141.30 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर



21,658.60 पर बंद हुआ।घरों की मजबूत मांग की उम्मीद में रियल्टी सेक्टर को सबसे अधिक लाभ हुआ, जिसे बैंकों द्वारा घोषित स्वस्थ आवास ऋण वितरण आंकड़ों से समर्थन मिला।नायर ने कहा कि एशियाई बाजार मुनाफावसूली में लगे हुए हैं। यूएस फेड मिनट्स ने संकेत दिया है कि निकट अवधि में दरों पर रोक लगी रहेगी।एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि दो दोनों की मंदी के बाद निफ्टी में तेजी से सुधार हुआ जो बाजार में बुल रन जारी रहने का संकेत देता है।डे ने कहा, मौजूदा सेंटीमेंट्स निफ्टी के लिए 21,800-21,850 है। यदि यह 21,850 से अधिक हो जाता है, तो हम 22,000 की ओर आगे बढ़ने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, सूचकांक का छोटी अवधि में समर्थन स्तर 21,500 के आसपास लगता है। नीचे की ओर बदलाव तभी शुरू होगा जब यह इस निशान से नीचे आएगा। खरीदारों के लिए बाजार में गिरावट का फायदा उठाना अनुकूल लगता है।

फिल्म योद्धा का गाना जिंदगी तेरे नाम हुआ रिलीज

करण जौहर की एक्शन थ्रिलर योद्धा सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर में सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्शन तो आपने देखा होगा, अब फिल्म के पहले गाने में उनका रोमांस दिखाई दिया है।सिद्धार्थ मल्होत्रा, योद्धा में साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना के साथ इश्क फरमाते हुए नजर आएंगे। अब फिल्म के पहले गाने में इसकी झलक भी दिखाई दी। फिल्म का गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। करण जौहर निर्देशित योद्धा का गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज के बाद से छा गया है।

इस गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की खूबसूरत केमिस्ट्री को दिखाया गया है। एक-दूसरे को छेड़ने से शरारत करने और रोमांस तक, पहली बार पर्दे पर साथ नजर आने वाले राशि और सिद्धार्थ की केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है। घंटे भर में गाने को लाखों लोगों ने सुन लिया है और कमेंट बॉक्स में तारीफों की बाढ़ आ गई है।गाने को सुन यह कहना गलत नहीं होगा कि यह साल 2024 के बेहतरीन रोमांटिक गानों में से एक है। इसे विशाल मिश्रा ने गाया है। उन्होंने इस गाने को कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने मिलकर लिखी है। सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। इस फिल्म में एक बार फिर सिद्धार्थ आर्मी ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगे। उनके साथ लीड रोल में राशि खन्ना और दिशा पाटनी दिखाई देंगी। फिल्म का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर आम्ब्रे ने किया है। करण जौहर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।यह मूवी 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का टीजर कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था। अब इंतजार ट्रेलर का है।

एक्शन फॉर्म में लौटे नेचुरल स्टार नानी सारिपोधा सनिवारम से फर्स्ट लुक आउट

साउथ सुपरस्टार नानी दशहरा और हाय नन्ना की जबरदस्त सफलता के बाद अब फिर से बड़े पर्दे पर अपनी एक्शन से भरी जबरदस्त अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सानिवारम के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. नानी के बर्थडे पर अपकमिंग फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है. फर्स्ट लुक पोस्टर और टीजर में नानी जबरदस्त अंदाज में नजर आ रहे हैं।

बता दें कि सारिपोधा सानिवारम की टीजर में साउथ सुपरस्टार नानी एंग्री यंग मैन के रूप में मारधाड़ से भरे जबरदस्त सीन्स करते नजर आ रहे हैं. विवेक अथरेया द्वारा निर्देशित पैन-इंडिया फिल्म में नेचुरल स्टार के साथ ही साउथ एक्टर एसजे सूर्या भी लीड रोल में हैं. नानी के बर्थडे पर फिल्म मेकर ने उनके फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. टीजर में नानी एक एंग्री यंग मैन के रूप में सुपर एक्शन करते तो एसजे सूर्या फिल्म में पुलिस की भूमिका निभाते हैं नजर आएंगे। बता दें कि टीजर

को डीवीवी मूवीज के ऑफिशियल हैंडल पर शेयर कर कैप्शन में लिखा जन्मदिन मुबारक हो भाई नानी. यहां सभी के लिए हमारी ओर से गिफ्ट है. सामूहिक उपहार है... सारिपोधा सानिवारम की झलक देखें. सारिपोधा सनिवारम का निर्माण डीवीवी दानय्या और डीवीवी एंटरटेनमेट के कल्याण दासारी द्वारा किया गया है. फिल्म में नानी के साथ प्रियंका अरुल मोहन लीड रोल में हैं. विवेक अत्रेय द्वारा निर्देशित सारिपोधा सानिवारम तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में 29 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संकल्प नये उत्तराखण्ड का



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आगे बढ़ता उत्तराखण्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देश व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।

- वर्तमान सरकार के कार्यकाल मे माह सितम्बर 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा 1275 किमी मार्गों का नवनिर्माण, 2063 किमी0 लम्बाई में पुनः निर्माण तथा 58 नए सेतुओं का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त 227 ग्रामों को सड़क यातायात से जोड़ा गया। पूर्व निर्मित पक्के मोटर मार्गों में कुल 3047 किमी मार्गों का नवीनीकरण कार्य किया गया।
- जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत लक्ष्मणझूला सेतु के समीप 132.30 मीटर स्पान के वैकल्पिक सेतु (बजरंग सेतु) का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- ऑल वेदर रोड़ परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत 737 कि.मी. लम्बाई के विरुद्ध 671 कि.मी. लम्बाई में कार्य गतिमान है। जिसके अन्तर्गत वर्तमान तक 597 कि.मी. लम्बाई में 02 लेन चौड़ीकरण एवं 574 कि.मी. लम्बाई में सतह लेपन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है, शेष कार्य प्रगति पर है। चारधाम परियोजना के अन्तर्गत कुल प्रदत्त स्वीकृति लागत ₹9399.45 करोड़ के सापेक्ष वर्तमान अवधि तक कुल ₹6810.49 करोड़ का व्यय किया जा चुका है।
- मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित 975 अमृत सरोवरों के लक्ष्य के सापेक्ष 1239 सरोवरों को पूर्ण किया गया है जो 127% है।
- लखपति दीदी योजना। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये विजन 2025 तक स्वयं सहायता समूह की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जायेगा। इसी क्रम में यू.एस.आर.एल.एम द्वारा समूहों की 40270 सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लखपति दीदी के रूप में तैयार किया है व वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50000 दीदीयों को लखपति दीदी के रूप में तैयार किये जाने का लक्ष्य है जिसकी प्रक्रिया गतिमान है।
- महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अन्तर्गत रक्षा बन्धन के सुअवसर पर महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन हेतु राज्य में 337 स्टाल लगाकर सामग्री का विपणन कराया गया। जिससे महिलाओं द्वारा ₹57.16 लाख की सामग्री विपणन कर अपनी आजीविका में वृद्धि की गयी।
- वाईब्रेन्ट विलेज कार्यक्रम - इस महत्वकांक्षी योजना के तहत उत्तराखण्ड के तीन सीमान्त जनपद क्रमशः उत्तराकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ़ के कुल 05 विकासखण्डों के 51 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। इसके अन्तर्गत समस्त चिन्हित गांवों की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। जिसमें एक ओर सभी गाँव को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने की प्राथमिकता दी गयी है, वहीं दूसरी ओर पर्यटन सुविधाओं का विकास, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण सतत आजीविका कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के माध्यम से लगभग ₹755 करोड़ से अधिक लागत की 500 से अधिक योजनाओं को प्रस्तावित कर इन गाँवों में वाईब्रेन्सी लाते हुए अधिकाधिक परिवारों को बसाया जायेगा।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | UttarakhandDIPR | DIPR_UK | UttarakhandDIPR